CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, रविवार 22 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 312 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देश-विदेश में दिखा योग दिवस पेज 2



वेबर को पछाड़ कर नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता खेल टाइम्स



छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत सम्मानित बॉलीवुड



पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया पेज 12

## ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में एक आर्टिकल में लिखा कि इजरायल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजरायल का दोहरा मापदंड है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। गाजा पर हमले की तरह यह इजरायली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं। सोनिया ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लीडरशिप में इजरायल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

> **कांग्रेस की चेयरपर्सन ने कहा: इजरायल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए**

## तनाव की स्थिति में योग ही शांति की राह दिखाता है: मोदी



**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में तनाव की स्थिति से अशांति तथा अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग ही हमें शांति का रास्ता दिखाता है। श्री मोदी ने यहां 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढ़ना चाहिए। योग ही विश्व में टकराव की जगह सहयोग और तनाव की जगह समाधान की ओर ले जा सकता है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1.39% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 19 जून तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.39 प्रतिशत कम है। इस दौरान रिफंड में 58 प्रतिशत की तेज वृद्धि होने के कारण यह गिरावट देखी गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट अग्रिम कर संग्रह, विशेष रूप से कॉरपोरेट कर संग्रह में धीमी वृद्धि के मद्देनजर आई है।

## योग एक देश से दूसरे को जोड़ने का काम करता है: राष्ट्रपति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिन के दौरे पर देहरादून आई हुई थीं। योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति जौलीग्रांट हवाई अड्डे से दिल्ली के -शेष पृष्ठ दो पर

# इजरायली स्ट्राइक: ईरानी परमाणु वैज्ञानिक समेत तीन कमांडर ढेर

### बमबारी में चार जवान भी मारे गए: आईडीएफ का दावा

तेहरान/ नई दिल्ली, वार्ता

**इजरायल ने ईरान** के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का शनिवार को 9वां दिन था। इजरायल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है।



संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं है। पहले कहा जा रहा था कि खामेनेई अपने बेटे को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर का पद संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। खामेनेई इजरायल की तरफ से लगातार हत्या की धमकियों के कारण एक बंकर में छिपे हुए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजरायल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4.30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है। ईरान से भारत लौटे लोग हाथ में तिरंगा लेकर दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखे। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा।

> **सुप्रीम लीडर खामेनेई ने तीन संभावित उत्तराधिकारी चुने**

# अहमदाबाद हादसा: एयर इंडिया के तीन अफसरों पर गिरी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो सामने आया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया था। तीनों अफसरों पर 3 आरोप- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना। अनिवार्य उड़ान अनुभव और लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना। शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना। एयर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए।

### एक और विमान हादसा टला, फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एटीसी को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी। मेडे कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इमरजेंसी कॉल है। एविएशन की भाषा में, इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब कोई विमान खतरे में हो। यह विमानन के क्षेत्र में सबसे जरूरी संकटकालीन सिग्नल है। बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा बेंगलुरु एयरपोर्ट के अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने गुवाहाटी से टेकऑफ के बाद देखा कि विमान में पर्याप्त ईंधन नहीं है। चेन्नई आ रही फ्लाइट को बेंगलुरु डायवर्ट कर दिया गया।

## पोलिंग सेंटर के फुटेज सार्वजनिक नहीं किए जा सकते: ईसी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं।

आयोग ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है। आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करने के सीसीटीवी फुटेज सामने -शेष पृष्ठ दो पर

> **कहा: वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं**



# दो भाई गुलदार के हमले में बाल-बाल बचे

## ग्रामीणों के सामने शावक को उठा ले गई मादा गुलदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव बल्लाशेरपुर में ईख के खेत में काम कर रहे दो सगे भाईयों पर दो शावकों के साथ बैठी मादा गुलदार ने झपटा मार दिया, जिसमें दोनों भाई बाल बाल बच गए। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण दोनों शावको कों पकड़कर खेत से निकालकर बाहर ले आए। इसी दौरान मादा गुलदार दोबारा से आकर एक शावक को ग्रामीणों के सामने ही उठाकर ले गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गांव बल्लाशेरपुर निवासी दो सगे भाई मोकम सिंह, बालेश पुत्रगण मदनपाल सिंह अपने ईख के खेत में काम करने गए थे। बताया जाता है कि वह ईख के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जहां मादा गुलदार अपने दो शावकों के साथ बैठी थी। वह काम करते-करते वहां तक पहुंच गए। इसी दौरान मादा गुलदार ने उन पर झपटा मार दिया, जिस पर वह बाल बाल बच गए। सूचना पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण दोनों शावकों को उठाकर सड़क पर ले आए। मादा गुलदार अपने शावकों की तलाश में दोबारा से सड़क पर आ गई। सड़क पर आई मादा गुलदार को देखकर भगदड़ मच गई। मादा गुलदार अपने एक शावक को ग्रामीणों के सामने ही उठाकर ले गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद दूसरे शावक को भी जंगल में छोड़ दिया गया। उधर जंगल में मादा गुलदार की दस्तक को लेकर किसानों में दहशत फैल गई। जंगल में मादा गुलदार होने का पता चलने पर काम कर रहे अन्य किसान भी अपने घरों को लौट गए।वन रेंजर गोविंदराम गंगवार ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। जंगल में पिंजरा लगाया जा रहा है।

## गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने निभाई भूमिका



**बिजनौर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें जिला प्रशासन, आयुष विभाग के साथ गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपूर्ण योगाभ्यास एवं प्राणायाम प्रशांत महर्षि द्वारा कराए गए। इस कार्यक्रम में गोविंदा मॉर्निंग क्लब के राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य सोरन सिंह परिहार, इंजीनियर चरण सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार संजीव कुमार बिश्नोई, राम मूर्ति गौतम, अशोक कुमार यादव, संजय कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल, इंजीनियर प्रकाश वीर रस्तोगी, वीरेंद्र कुमार, गणेश ठाकुर, आशाराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाजपाइयों ने योग दिवस मनाया



**रेहड़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव भगतावाला में स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज में क्षेत्र के भाजपाइयों एवं छात्र-छात्राओं ने योग दिवस मनाया। लॉर्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज के हाल में आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य मनीष कुमार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं को योगा कराया। इस दौरान योगाचार्य मनीष कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से मन, शरीर और आत्मा का संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, भाजपा के कासमपुर गढ़ी मंडल अध्यक्ष विनय कुमार चौहान, महामंत्री प्रवेश कुमार, गन्ना समिति के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश सिंह, अंकित चौहान, पूर्व प्रधान पूरन सिंह चौहान, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक धर्मेंद्र चौहान, मोहित गहलोत, एडवोकेट भूदेव सिंह और कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### भोले सिंह को योग वीर सम्मान



**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट रजिस्टर्ड द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निवासी भोले सिंह को अंग वस्त्र पहनाकर, प्रतीक चिन्ह एवं योग वीर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दे कि भोले सिंह गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में निःशुल्क योग प्रशिक्षण देते हैं। इसके अलावा भी उन्हें कई सामाजिक संस्थाएं योग अभ्यास के लिए आमंत्रित कर चुकी हैं, तथा उन्हें योग प्रशिक्षण के लिए सम्मानित भी कर चुकी हैं। भोले सिंह ने योग की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि हमें नियमित रूप से योगा करना चाहिए। योगा करने से शरीर स्वस्थ रहता है। मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि भोले सिंह को यह सम्मान स्वस्थ समाज के निर्माण व विशेष योगदान के लिए दिया जा रहा है। योगा करने से कई प्रकार की बीमारियां दूर होती हैं। कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल एड. ने कहा कि फिर भाग दौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने के लिए योग सबसे आसान तरीका है। इस मान सम्मान के लिए भोले सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सम्मान देने वालों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल एड., अल्ताफ हुसैन, सौरभ कश्यप, तुषार अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल आदि रहे।

### पेड़ जीवन के लिए वरदान : रितेश सैन



**नजीबाबाद।** जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन ने गजरौला पाईमार मंडल के शक्ति केंद्र हर्षवाड़ा पंचायत घर में योग दिवस के अवसर पर अपने सभी बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजक के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर रितेश सैन ने कहा कि वृक्ष जीवन के लिए नितांत आवश्यक हैं, जिस तरह से योग से हमारा शरीर स्वस्थ होता है, इसी तरह से वृक्ष से हमें सांसें मिलती हैं। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। साथ ही साथ उसके लालन-पालन का संकल्प भी हमें लेना चाहिए । पेड़ पौधे न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करते हैं। वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। वृक्षारोपण से जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है, जिससे विभिन्न प्रजातियों के जीव-जंतु और पौधे सुरक्षित रहते हैं। इसलिए, वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और इसे एक सामूहिक प्रयास बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष अमजद अहमद, शक्ति केंद्र संयोजक समीर अहमद, इरफान अहमद, शहजाद, शाह आलम, सुलेमान, नसीर अहमद, मौहम्मद अजमल, विशाल आदि मौजूद रहे। इन सभी ने वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्ष का लालन-पालन करने का संकल्प भी लिया ।

# स्वस्थ शरीर केवल योग से संभव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोतवाली, नगर पालिका कासमपुर गढ़ी ब्लाक कार्यालय व क्षेत्र के स्कूलों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी निर्धारित 21 जून को पूरे भारत के साथ साथ क्षेत्र में भी राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, जिसमें कोतवाली व नगर पालिका प्रांगण में योगा प्रशिक्षक ऋषिपाल सिंह पुंडीर ने, कासमपुर गढ़ी ब्लाक में सी.पी.पाण्डे के माध्यम से योग कराया गया। योगा प्रशिक्षक ने कहा कि योग क्रियाओं से शरीर स्वस्थ रहता है। योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वयं को स्वस्थ व निरोग रखने के लिए प्रत्येक दिन कम से कम आधा घंटा योग करना चाहिए। मानसिक और शारीरिक विकास के योग की महत्ता का भी संदेश दिया गया। लोग सामान्य स्वास्थ्य के लिए कई तरह के व्यायाम करते हैं। स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मस्तिष्क केवल योग से संभव है। योग इस भावना को क्षेत्र वासियों ने योग करके साकार किया। उन्होंने साधकों को अनुलोम विलोम, कपाल भाति, ताड़ासन, ग्रीवा संचालन, कटिबंध आसन, स्कंध संचालन आदि योग तथा प्राणायाम कराए। इस मौके थाना अध्यक्ष सुमित राठी, एसएस आई श्रीपाल सिंह, जयवीर सिंह, प्रदीप कुमार, विकास बाबू, महिला आरक्षी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एस.पी.सिंह, चेयरपर्सन जावेद विकार, संजीव अग्रवाल, रोबिन सिंह, भाजपा नेता मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना,भीम सिंह रावत, रोहिताश पवार, अमर सिंह, सन्नी गुप्ता,साबिर अली सहित विकासखंड अफजलगढ़ के प्रांगण में खंड विकास अधिकारी चंद्र प्रकाश पांडे, सहायक विकास अधिकारी इकबाल अहमद, स्थापना बाबू सत्य प्रकाश शर्मा तथा डॉ. खालिद अख्तर, डॉ. फहीम अहमद सतीश कुमार फार्मासिस्ट आदि स्वास्थ्य विभाग कर्मियों ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के कई स्कूलों में योगाभ्यास कराया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पौधारोपण

## सफाई कर्मियों को किया सम्मानित






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग वृक्षारोपण तथा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन के तहत उत्तम सेवा करने वाले सफाई कर्मियों को प्रमाण पत्र भेंट किए गए।

शनिवार को रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर, बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कुसुम देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बल्लशेरपुर, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, वीके इंटरनेशनल स्कूल, मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, नगर पालिका परिषद, ब्लॉक परिसर, थाना कोतवाली आदि में कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नहटौर विकास खंड आंकू बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय पर वृक्षारोपण करके स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन के तहत सफाई कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्कूल के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, थाना अध्यक्ष धीरज नागर, चंद्रसेन, मूलचंद त्यागी, सोमेंद्र कुमार शर्मा, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र शर्मा, योग प्रशिक्षक प्रकाश चंद, अंजू अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल आदि गणमान्य नागरिकों ने व पदाधिकारी व संघ के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया।

# योग से मिलती है एकाग्रता में वृद्धि व आत्मिक शांति



## आरवीआईटी में छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने किया योग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवीआईटी में योगाचार्य संतोष कुमार के दिशा निर्देशन में संस्थान के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमे संस्थान के 100 से ज्यादा स्टाफ व छात्रों ने योग किया।

संस्थान के निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी निदेशक डा. संजीव कुमार, फार्मेसी निदेशक डा. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, अध्यापकगण नितिन वर्मा, गौरव कुमार, मौ फराज, मरूफ अली, अतुल कुमार व समस्त स्टाफ सम्मिलित रहा। आचार्य संतोष कुमार के अनुसार योग का अर्थ है जोड़ना और इसका उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन और सामंजस्य स्थापित करना है। नियमित रूप से अभ्यास करने वाले को असंख्य लाभ प्राप्त होते हैं। जैसे शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक तनाव में कमी, आत्मनियंत्रण और एकाग्रता में वृद्धि व आत्मिक शांति।

संस्थान के निदेशक सन्नी देशवाल ने सभी को अपने जीवन में योग को अपनाने तथा योग की महत्ता को समझने पर बल दिया और कहा कि स्वास्थ का तात्पर्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं हैं। यह जीवन की गतिशीलता हैं जो बताती हैं कि आप कितनी खुशी, प्रेम और ऊर्जा से भरे हुए हैं।

# जनपद में बाढ़ की चेतावनी जारी

## बाढ़ से सुरक्षा के आवश्यक प्रबन्ध पूर्ण कर लें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** रामगंगा नदी का उद्गम स्थल हिमालय की शिवालिक पर्वत श्रृंखला, जनपद चमोली में स्थित है। यह नदी अपने उद्गम स्थल से लगभग 158 कि.मी. की यात्रा पूर्ण करने के बाद गढ़वाल जनपद में कालागढ़ ग्राम के पास मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कालागढ़ के समीप रामगंगा नदी पर रामगंगा बांध का निर्माण किया गया है। बांध के निर्माण के फलस्वरुप वर्ष 1974 में परियोजना के प्रारम्भ से नदी में आने वाले समस्त पानी को रामगंगा जलाशय में संग्रहील कर लिया जाता है। वर्षा ऋतु के बाद सिंचाई एवं विद्युत उत्पादन हेतु नियमित मात्रा में जल की निकासी की जाती है, जिसके परिणामस्वरुप बांध के नीचे के क्षेत्र में जहां से रामगंगा नदी होकर बहती है, लोगों द्वारा नदी के बहाव क्षेत्र में खेती एवं आबादी का विस्तार कर लिया गया है। यही नहीं, नदी के तलहटी क्षेत्र में भी खेती करके नदी के बहाव क्षेत्र में व्यापक रुप से अवरोध उत्पन्न किया हुआ है।

सूचनीय है कि प्रथम बार वर्ष 1978 के सितम्बर माह में द्वितीय बार वर्ष 1990 के सितम्बर माह में तथा आगे के वर्षों में भी, वर्ष 1998 एवं वर्ष 2000 में रामगंगा जलाशय अपनी पूर्ण क्षमता तक भरा जा चुका है। वर्ष 2010 में वर्षाकाल के दौरान रामगंगा जलाशय का जल स्तर 363.600 मी. था, जो कि अत्यन्त क्रिटिकल स्थिति थी। रामगंगा जलाशय के जल संग्रहण क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण से लगभग 2.00 लाख क्यूसेक जल रामगंगा नदी में बांध से नीचे छोड़ना पड़ा था। वर्ष 2010 की इस अतिवृष्टि के कारण नदी के बहाव के क्षेत्र में स्थिति सामान्य अथवा अतिक्रमित खेती एवं आबादी को साधारण की अपेक्षा अधिक हानि दृष्टिगोचर हुई थी। इसी प्रकार मानसून अवधि में कतिपय अन्य वर्षों में भी भारी वर्षा के दौरान रामगंगा जलाशय आवश्यक्तानुसार समय-समय पर जल की निकासी करना आवश्यक हुआ है। अब वर्ष 2025 का मानसून प्रारम्भ हो गया है। यह भी सम्भव है कि क्षेत्रीय वर्षा के कारण अपरिहार्य परिस्थितियों में हरेवली बैराज एवं खो बैराज, शेरकोट से भी समय-समय पर पानी की निकासी किया जाना आवश्यक होगा। यह भी अवगत कराना उपयुक्त होगा कि गत वर्ष 2024 में वर्षाकाल की स्थिति के अनुसार दो दिसम्बर, 2024 तक रामगंगा जलाशय 360.620 मीटर तक भरा गया था एवं कोई आकस्मिक स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्षा ऋतु एवं मानसून के प्रारम्भ होने के पूर्व ही बाढ़ से सुरक्षा आवश्यक प्रबन्ध पूर्ण कर लिये जाये और रामगंगा नदी क्षेत्र की बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को समय पर सूचित करके उनको नदी के प्रभावी क्षेत्र से समयपूर्व ही हटा दिया जाये, जिससे किसी प्रकार की जन-धन इत्यादि की हानि न हो एवं किसी प्रकार की शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग होने की भी सम्भावना न रहे। अवगतनीय है कि यदि रामगंगा जलाशय का अधिकतम जलस्तर 365.30 मीटर है। तथापि यह जलस्तर 355.00 मीटर होने के पश्चात् आवश्यक्तानुसार जल की निकासी प्रभावी की जा सकती है। इस क्रम में रामगंगा जलाशय का जलस्तर 355.00 मीटर होने पर इसकी सूचना आपको तुरन्त दी जायेगी, ताकि बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में आपके स्तर से बाढ़ सुरक्षा की व्यवस्था सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जानी सम्भव हो सके। इसके अतिरिक्त तकनीकी आवश्यकताओं के दृष्टिगत भी जलाशय से पानी छोड़ने की आवश्यक्ता हो सकती है। बांध से छोड़े जाने वाले सम्भावित पानी की मात्रा तथा बाढ़ की चेतावनी प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, मुख्य अभियन्ता (रुहेलखण्ड) स्तर-1, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, बरेली। मुख्य अभियन्ता (राज्य बांध सुरक्षा संगठन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, वाल्मी भवन, उतरेठिया, लखनऊ, मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजान (बाढ़ नियंत्रण कक्ष), लखनऊ, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, अलीगढ़, अधीक्षण अभियन्ता, पंचम मण्डल सिंचाई कार्य, बरेली, अधीक्षण अभियन्ता, बाढ़ कार्य मण्डल, बरेली, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता द्वितीय मण्डल, सिंचाई कार्य, कानपुर, अधिशासी अभियन्ता, रामपुर नहर खण्ड, रामपुर, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, बिजनौर, अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड बरेली, बदायूं, अधिशासी अभियन्ता, अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर, अधिशासी अभियन्ता, सिचांई खण्ड मुरादाबाद, अधिशासी अभियन्ता, रुहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली, अधिशासी अभियन्ता, रामगंगा बांध खण्ड, कालागढ़, अधिशासी अभियन्ता, शि. विर प्रबन्ध खण्ड, कालागढ़, एल. आई.यू. कालागढ़ थानाध्यक्ष कालागढ़ आदि को बाढ़ चेतावनी जारी की गई।

# हिमालय की चोटियों से समुद्री पोतों तक दिखी योग की झलक

## भारत समेत दुनियाभर में दिखा योग कार्यक्रमों का उत्साह

**नई दिल्ली, वार्ता**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया।

भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया। इस बार मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किए। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सैयद अब्दुल मजीद, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए। मोदी ने इस अवसर पर योग को विश्व में शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार-प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। भारतीय सेना के जवानों ने कई स्थानों पर सियाचिन में योगसत्र आयोजित किए। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग गॉल्फ कोर्स सहित विभिन्न स्थानों मर योग सत्र आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया।

उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिन्दूर में उनके प्रयासों की सराहना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में योग सत्र में भाग लिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा राजधानी में कर्तव्य पथ पर भी सामूहिक योग कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### योग एक देश....

लिए रवाना हो गई हैं। अपने दौरे के अंतिम व तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। देशवासियों का संदेश देते हुए मुर्मू ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। योग कार्यक्रम में उनके साथ उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह ने भी योगाभ्यास किया।

ग्रीष्मकालीन राजधानी में मुख्यमंत्री धामी-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराडी सेंण में स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। ये पहली बार है कि गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 देशों के विदेशी योग साधक मेहमान भी इस आयोजन में शामिल हुए।

### पोलिंग सेंटर...

आए थे। इसके बाद आयोग ने दो बार नियम में बदलाव किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने तय किया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। ईसी ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। ईसी का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नैरेटिव फैलाने की को. शिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंत. रिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नैरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके। दिसम्बर 2024 में भी नियमों में बदलाव हुआ था केंद्र सरकार ने 20 दिसम्बर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव के नियमों में बदलाव किया था। अधिका. रियों ने बताया कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम में बदलाव किया था।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुस्लिम इंटर कालेज को 70 लाख की सौगात

## राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने रखी मुस्लिम इंटर कॉलेज में नवनिर्माण की नींव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमिता एवं शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने नगर में स्थित मुस्लिम इंटर कॉलेज में एक भव्य समारोह के दौरान संग-ए-बुनियाद रखी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव तारिक अली सिद्दीकी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान, छात्र और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव तारिक अली सिद्दीकी ने व पार्टी के युवा नेता चौधरी शुऐब की भी सक्रिय भूमिका रही। जयंत चौधरी ने मंच से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का विस्तार ही देश के विकास की नींव है। उन्होंने अलंकार योजना के अंतर्गत मुस्लिम इंटर कॉलेज के नवनिर्माण कार्य के लिए 70 लाख रुपए की सरकारी सहायता की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह धनराशि भवन निर्माण और शिक्षा सुविधाओं के विस्तार में उपयोग की जाएगी, जिससे स्थानीय छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिल सकेगा।





अपने भाषण में जयंत चौधरी ने किसानों की समस्याओं की ओर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कहा किसान की एक आंख अपने खेत की मेंढ़ पर होनी चाहिए और दूसरी देश की राजनीति पर। क्योंकि जब तक किसान राजनीति में जागरूक नहीं होगा, तब तक उसका हक और हकीकत दोनों खोते रहेंगे। उन्होंने किसानों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में तारिक अली सिद्दीकी ने मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय विकास के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह योजना सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि एक विचार की नींव है जहां किसान का बेटा भी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर सकेगा।

इस मौके पर बिजनौर सदर सांसद चंदन चौहान ने भी किसानों व विद्यार्थियों के हक की बात की। चौधरी शुऐब ने भी अपने विचारों को लोगों के सामने साझा किया। कार्यक्रम में मंत्री जयंत चौधरी ने 70 लाख की अलंकार योजना अंतर्गत घोषणा की और कहा कि किसान राजनीति में जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज का आइना है। कार्यक्रम में भीड़ देख जयंत चौधरी गदगद नजर आए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न सिर्फ शैक्षिक दृष्टिकोण व क्षेत्रीय विकास और किसान चेतना के लिहाज से भी एक प्रेरणादायक पहल बनकर सामने आया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता, रालोद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित हजारों किसानों की भीड़ मौजूद रही। सुरक्षा की दृष्टि से भरी पुलिस फोर्स, फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक पुलिस सहित अनेक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# करंट से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला साहुवान में उस समय कोहराम मच गया, जब सवेरे घर में खेल रही 6 वर्षीय मासूम लीबा की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन बच्ची को बेहोशी की हालत में नगर के निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मिस्त्री महमूद के बेटे महफूज की छोटी बेटी लीबा घर में सुबह करीब 9 बजे खेल रही थी। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल हुई। बरसात के कारण दीवार में नमी होने से उसमें करंट दौड़ गया। जैसे ही बच्ची अलमारी के पास पहुंची, करंट की चपेट में आ गई।

घटना होते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में बच्ची को उठाकर नगर के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने लीबा को मृत घोषित कर दिया।

घटना से मोहल्ले में शोक का माहौल है। बच्ची का शव जौहर की नमाज के बाद सुपुर्द-ए-खाक किया गया। परिजन गहरे सदमे में हैं और रो-रोकर उनका बुरा हाल है। मोहल्लेवासियों ने घटना पर शोक जताते हुए परिवार को सांत्वना दी है।

## एक नजर

### लूट का फरार आरोपी दबोचा

**किरतपुर।** नेशनल हाईवे के पास युवक से बाइक, मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नदीम को पुलिस ने शुक्रवार की शाम ग्राम भगवानपुर मोअज्जमपुर रोड पर गश्त के दौरान घेराबंदी कर दबोच लिया। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि लूट की घटना में नामजद नदीम पुत्र शफीक निवासी मोहल्ला कजियान वारदात के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नदीम भगवानपुर मोअज्जमपुर रोड की ओर किसी वारदात की फिराक में पैदल घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए नदीम को गोली मारी जो कि उसके बाएं पैर पर लगी गोली लगते ही वो बेबस हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नदीम के कब्जे से लूट की गई कुछ नकदी व एक पिस्टल भी बरामद किया है। इससे पहले उसके साथी जावेद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जिससे लूटी गई बाइक और मोबाइल फोन बरामद हो चुका था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है।

### मारपीट व अभद्रता का आरोप

**किरतपुर।** नगर के मोहल्ला मिर्जापुर निवासी एक युवक ने मोहल्ला राधगान के कुछ युवकों पर गाली-गलौच, मारपीट व महिलाओं के साथ अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि वह मुंबई में मजदूरी करता है और इन दिनों अपने घर छुट्टी पर आया हुआ है। पीड़ित जब रोजाना रात को खाना खाने के बाद टहलने निकलता था, तो मोहल्ला राधगान निवासी शाहरुख पुत्र नसीम अहमद उससे जबरन सलाम करवाने और सिर झुकाकर निकलने के लिए दबाव बनाता था। मना करने पर आरोपी गाली-गलौच और धक्का-मुक्की करने लगा। पीड़ित ने बताया कि 21 जून की रात करीब 12:30 बजे शाहरुख अपने भाई महफूज व पांच अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसके घर में जबरन घुस आया। आरोप है कि इन लोगों ने पहले पीड़ित को गालियां दीं और फिर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर मोहल्ले वालों ने आकर किसी तरह पीड़ित को बचाया। इतना ही नहीं पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान जब उसकी बहन, माता व बुआ बीच-बचाव के लिए आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और छेड़छाड़ की। पीड़ित ने थाना किरतपुर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### योग का महत्व बताया

**कालागढ़।** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रांगण में योग दिवस का आयोजन किया गया। बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित वन प्रशिक्षणार्थियों, कर्मचारियों को योग दिवस की महत्ता को समझाते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में अपनाने के बारे में बताया गया तथा योग से शारीरिक स्वस्थता की जानकारी दी गयी। केएस रावत, पीटीआई द्वारा अनुलोम-विलोम, मर्कटासन, कपालभाति, गौरव गिरि व मनोज सिंह पयाल प्रशिक्षु वन आरक्षी द्वारा सूर्य नमस्कार, भ्रमरी आसन तथा भुजंग आसन कराया गया। इस योग दिवस में बिन्दर पाल निदेशक, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र इन्द्र सिंह बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी, कार्बेट चन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़, अथहर महमूद, मीडियाकर्मी, सुनील कुमार, किशोर चन्द्र शर्मा, केएस रावत, पीटीआई के अतिरिक्त 32 प्रशिक्षु वन आरक्षियों एवं प्रशिक्षण केन्द्र के स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# समाधान दिवस में आए 37 मामले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं।

शनिवार को समाधान दिवस में कुल 37 मामले सामने आए। इनमें राजस्व, पुलिस, विकास, नहर, पूर्ति, विद्युत, नगर पंचायत आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने मौके पर मामलों के निस्तारण के प्रयास किए। मामलों के लिए टीम बनाई गई, जिन्हें समयानुसार रिपोर्ट देनी होगी। सीओ अंजनी कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जांच अधिकारी प्रार्थना पत्र को अच्छे से पढ़ कर स्पॉट पर जाएं और मामले की सही से जांच कर उसका समयानुसार निस्तारण करें। इस अवसर पर एसडीएम आशुतोष जायसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी चतुर्वेदी, तहसीलदार आशीष सक्सेना, नायब तहसीलदार अजब सिंह व बीडीओ सहित सभी विभागों के मुख्य अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल के सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

# धामपुर में बाइक चोर गिरोह का खुलासा

## तीन गिरफ्तार, पांच बाइक, एक तमंचा व दो चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस और दो अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में सुनील कुमार निवासी अल्हैपुर मोकम, जैनेन्द्र चौहान उर्फ शालू निवासी बसेड़ा कुंवर, तथा अंकुर कुमार निवासी बसेड़ा नारायण शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने ये मोटरसाइकिलें थाना सिडकुल, जनपद हरिद्वार क्षेत्र से चोरी की थीं।

बरामद की गई एक पल्सर मोटरसाइकिल बिना नंबर और



चेसिस नंबर के पाई गई है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। धामपुर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के अंतर्गत आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद मोटरसाइकिलों से संबंधित चार मामले पहले से सिडकुल थाने में दर्ज हैं। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य संभावित नेटवर्क की भी जांच में जुटी हुई है।

# यूपी-यूके के वनाधिकारियों का फ्लैग मार्च

## वन गुर्जरों के डेरों की तलाशी ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** मानसून काल में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के वनाधिकारियों ने एसओजी व सशस्त्र वनकर्मियों के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में संयुक्त फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टाइगर रिजर्व के वनों में रहने वाले वन गुर्जरों के डेरों की सघन तलाशी ली गई।




प्राप्त समाचार के अनुसार आज उप प्रभागीय वनाधिकारी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व कालागढ़ बिंदरपाल के नेतृत्व में उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व एवं उत्तर प्रदेश के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वनाधिकारियों ने सशस्त्र वन कर्मियों के साथ शनिवार सुबह नौ बजे लालढ़ांग वन परिसर से संयुक्त फ्लैग मार्च शुरू किया, जो झिरना रेंज, ढेला रेंज, फाटो रेंज, तराई पश्चिमी उव जसपुर पतरामपुर रेंज, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज क्षेत्र से होते हुए शाम को कालागढ़ स्थित वन विश्राम भवन पर जाकर संपन्न हुआ। उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ बिंदरपाल ने बताया कि मानसून काल के दौरान वन में वन्यजीव अपराधी सक्रिय हो जाते हैं, जिससे वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चुनौतियां बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व वन में अवैध गतिविधियों को असफल करने के उद्देश्य से संयुक्त फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वन में या उसके आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना वन कर्मियों को दें।

इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ बिंदरपाल, वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़ रेंज मनीष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी झिरना रेंज नंदकिशोर रुवाली, वन क्षेत्राधिकारी ढ़ेला रेंज नवीन पांडे, वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ रेंज अंकिता किशोर, श्यामलाल डिप्टी रेंजर तराई पश्चिमी जसपुर व फाटो रेंज, एसओजी टीम सहित समस्त वनकर्मी मौजूद रहे।

# बिलाई मिल परिसर में मनाया योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

योग वैलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय फतेहपुर के योग प्रशिक्षक नागेंद्र कुमार सैनी द्वारा कर्मचारियों व उनके परिजनों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने योग के साथ-साथ इसके महत्व के बारे में बताया।

इस अवसर पर गन्ना महाप्र. बंधक राहुल चौधरी, पंकज अग्रवाल गोपाल कुमार त्यागी, अनुज कुमार शर्मा, संजय गोयल, कपिल त्यागी, संजय कुमार गुप्ता, नीरज कुमार, शिव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महिलाओं की बड़ी भागीदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** योग दिवस पर स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह एक प्राचीन अभ्यास है जो स्वास्थ्य, कल्याण और आत्म-जागरूकता को बढ़ावा देता है। नियमित योग अभ्यास से जहां तनाव कम होता है, वहीं व्यक्ति में सहनशीलता व लचीलापन भी बढ़ता है। साथ ही मानसिक स्पष्टता में भी सुधार होता है। अत: हमें चाहिए कि अच्छे स्वास्थ्य, अच्छे मस्तिष्क के लिए नियमित योग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल ने की।

इस अवसर पर योग शिक्षिका राधा चौधरी के निर्देशन में सभी ने योग किया। योग दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में नलिनी अग्रवाल, नीतू मित्तल, अर्चना बिश्नोई, उषा मित्तल, श्वेता, कल्पना, ऊषा मित्तल, आशा बिश्नोई, प्राची मित्तल, मोनिका थापन, लवली अग्रवाल सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# ड्रीम सिटी के डायरेक्टर का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष नजर खां के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बिजनौर हाईवे पर बन रही ड्रीम सिटी दो के डायरेक्टर धर्मेंद्र यादव और नासिर का फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत व सम्मान किया गया। ड्रीम सिटी दो के डायरेक्टर धर्मेंद्र यादव ने ड्रीम सिटी दो में दी जाने वाली फैसेलिटीज के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल परिवार का इस मान सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। संगठन के जिला अध्यक्ष नजर खां ने बताया नजीबाबाद क्षेत्र में बहुत ही लग्जरी और सुविधाजनक रेजिडेंशियल और कमर्शियल सोसाइटी ड्रीम सिटी दो का निर्माण किया जा रहा है, जिससे नजीबाबाद क्षेत्र का विकास होगा और व्यापार में वृद्धि होगी। प्रांतीय मंत्री शिवकुमार महेश्वरी की अध्यक्षता एवं प्रदीप डेजी के संचालन में आयोजित बैठक में शहजाद, साबिर खान, राजीव अग्रवाल, प्रदीप पाल, नरेंद्र कुमार, इरशाद अहमद, निसार, प्रताप सिंह, तसलीम अहमद, नूर मौहम्मद आदि रहे।

# मॉडर्न एरा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

## ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों पर जाकर की योग साधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल ने बड़े ही हर्षोल्लास व उत्सुकता के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला बिजनौर के भिन्न-भिन्न ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों पर जाकर योग साधना की।

सर्वप्रथम बिजनौर के गंगा बैराज की पावन भूमि पर एकत्रित होकर बच्चों के साथ योग आसन किए गए, जिसमें इस सत्र का मुख्य विषय एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रहा। जिसका अर्थ पृथ्वी पर हर व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए योग को प्रोत्साहित करना है। योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि यह हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी मजबूत करता है। तदोपरांत बिजनौर में ही स्थित महात्मा विदुर कुटी धाम पर जाकर योग आसन किए गए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही लगन से वहां योगासन किए, जिससे उनके चित्त को बहुत शांति का अनुभव हुआ।



विद्यालय परिसर के समस्त अध्यापकगण एकाग्रता के साथ बिजनौर के नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकत्र होकर वहां उपस्थित अन्य विद्यालय के शिक्षक व शिक्षाओं के साथ मिलकर योग साधना की। उसके उपरांत विद्यालय वापसी पर समस्त अध्यापकगण, छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर इस योग दिवस को बहुत ही मनमोहक बनाया। उन्होंने एक बार फिर अपने विद्यालय प्रांगण में विद्यालय की प्रकृति के बीच बैठकर योग साधना की। विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने सी.बी.एस.ई एवं आयुष्मान मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति पालन करते हुए अपने समस्त अध्यापक गण और विद्यार्थियों को इस योग दिवस में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिसर के समस्त अध्यापक गण व स्टाफ और छात्र-छात्राओं का पूर्ण सहयोग का योगदान रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पेंट के गोदाम में लगी आग

## फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने चार घंटे में पाया आग पर काबू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर हल्दौर चौराहे के पास एक पेंट की दुकान के पीछे बने पेंट के गोदाम में शॉट सर्किट से आग लग गई। फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने से दीवारों व लिंटर को भी नुकसान हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर-धामपुर मार्ग पर हल्दौर चौराहे के पास विशाल चौधरी व नवीन कुमार दो सगे भाईयों का मकान है। नवीन कुमार के मकान में ग्राम बसेड़ा खुर्द थाना धामपुर निवासी राजीव कुमार ने एक दुकान व उसके पीछे गोदाम किराए पर ले रखा है। दुकान में राजीव पेंट की दुकान चलाता है। जबकि ऊपर के मकान में एक किराएदार भी रहता है। शनिवार की प्रात: करीब 7 बजे मकान के ऊपर रह रहे किराएदार फौजिया ने नीचे मकान से धुआं उठता हुआ देखा उसने शोर मचा दिया की गोदाम में आग लगी है। इसी दौरान आसपास के दुकानदार व किराना स्वामी धर्मेंद्र ने गैलरी में खड़ी मोटरसाइकिल व दुकान के सामान को बाहर निकाला। इसी दौरान गोदाम में आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर नगीना, धामपुर व चांदपुर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद 4 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। भीषण आग लगने से गोदाम में रखा सारा पेंट का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही आग से कोई जनहानि नहीं हुई। मकान के पास पंजाब नेशनल बैंक व अन्य दुकानें भी है। जबकि गोदाम में लिंटर व दीवारें काफी खराब हो गई। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी दीपक चौधरी ने बताया प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है। घर नुमा गोदाम के अंदर पेट से जुड़े केमिकल के ड्रम व पेंट आदि सामान रखा हुआ था, जिसने आग पकड़ ली और विकराल रूप ले लिया था। किराएदार राजीव कुमार ने बताया कि हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। आंकलन के बाद ही सही पता चल सकेगा।

## सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर विवाद, फायरिंग

**किरतपुर।** क्षेत्र के ग्राम हुमायूंपुर में सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने तनाव का रूप ले लिया। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष के युवक ने मकान की छत पर चढ़कर फायरिंग कर दी, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव हुमायूंपुर निवासी मोनिस नामक युवक ने पड़ोसी शावेज को सड़क पर कार खड़ी करने से मना किया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई। कुछ ही देर में मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के अन्य लोग भी आमने-सामने आ गए। इसी बीच आरोप है कि शावेज ने अपने घर की छत पर चढ़कर फायरिंग की, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर किरतपुर थाना पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को भी सूचित किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है । वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि यदि वास्तव में फायरिंग हुई है तो संबंधित आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर मिल गई है और जांच की जा रही है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया विश्व योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग नगीना में विश्व योग दिवस का कार्यक्रम मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनूप वाल्मीकि (क्षेत्रीय मंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा), अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, प्रबंधक डॉ. संदीप शर्मा, प्रधानाचार्य महेश सिंह, कुंवर कृष्ण बलदेव, सौरभ मित्तल, सचिन शर्मा, नितिन कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. भूपेश चौहान, संजय शर्मा, पंकज कुमार, सुभाष वाल्मीकि आदि ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने योग के महत्त्व के बारे में बताते हुए सभी को योग का अभ्यास कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप वाल्मीकि ने कहा कि हम सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को सम्मिलित करते हुए अपने भारतीय संस्कारों से जुड़े रहना है और अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में एक घंटा अपने परिवार के लिए निकालना अति आवश्यक है तभी हम जीवन के वास्तविक सुख का अनुभव कर सकेंगे। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए मातृ शक्ति से आह्वान किया कि वह अपने परिवार के स्वास्थ्य और संस्कार को सही रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अत: उनको परिवार के अच्छे स्वास्थ्य और श्रेष्ठतम संस्कारों के लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अन्त में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सभी ने एक-एक वृक्ष लगाया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, भैया-बहनों के साथ-साथ नगर के सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे।

## शिविर में महिलाओं ने योगासनों का किया अभ्यास

**नगीना।** हिंदू इंटर कालेज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर के चौथे दिन शुक्रवार की सुबह योग शिक्षिका मधु सिंह द्वारा महिलाओं को ब्रजासन, वक्रासन, शसकासन, मंडूक, गौमुख, भुजंग, मकरासन, मर्कटासन, सिंहासन, हास्यास्न आदि योगासनों का अभ्यास कराकर योगा करने से होने वाले लाभ के विषय में विस्तार से जानकारी दी। योगा शिविर में अनिता, सुषमा, मुन्नी, गुड्डी, अनुराधा, सोमवती, राजेश्वरी, आरती, रेखा, पुष्पा, उमेश, मीना, सपना, सुनीता रानी, कविता, मधु आदि 40 से अधिक महिलाओं ने योगाभ्यास किया।

# पालिका कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका परिषद नगीना द्वारा जलकल परिसर में 11वें योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालिका स्टाफ एवं नगर के गणमान्य व्यक्ति तथा समस्त सभासदगण उपस्थित रहे। इस दौरान दीपक कुमार द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

इस कार्यक्रम में इक्तेदार आलम जैदी प्रधान लिपिक, मुनीर अहमद लिपिक, तलत अहमद लिपिक, नरेश कुमार लिपिक, मौहम्मद असलम, अहकाम अहमद, धीरज राय वर्मा सफाई एवं खादय निरीक्षक, नीरज पाल अवर अभियन्ता (जल), दिनेश कुमार एवं फाहद जैदी, राम अवतार आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

## त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कांवड़ यात्रा व मोहर्रम पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में एएसपी पूर्वी ने कहा कि कोई भी बात होने पर स्वयं निर्णय न ले। उसकी तुरंत सूचना पुलिस को दे। कोई भी समस्या हो तो उसका मिल-जुलकर समाधान करे। दोनों त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार थाना प्रांगण में कांवड़ यात्रा व मोहर्रम पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में एएसपी पूर्वी ने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर विद्युत विभाग अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर ले। तारों आदि को सही करा ले। यदि विद्युत अव्यवस्थाओं को लेकर कोई घटना घटित होती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से सख्त निर्देश जारी किए है। सीओ अभय कुमार पांडे ने कहा कि कही कोई विवाद होने पर स्वयं कोई निर्णय न ले। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। समय रहते उसका समाधान हो सके। दोनों पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक में आए संभ्रांत व्यक्तियों से भी सुझाव लिए गए। बैठक में ईओ ओम गिरी, भाजपा नगर अध्यक्ष वैभव गोयल, विशाल हाशमी, खुर्शीद आलम अंसारी, इमरान ट्रांसपोर्टर, बहाव कुरैशी, कुलवीर चौधरी, महफूज उर्फ गुड्डा, प्रशांत कुमार, शकील प्रधान, शौकत अली, अली हसन, डॉ. शौकिन मलिक, एके दक्ष आदि मौजूद रहे।

# एमएम कालेज में मनाया योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एम.एम. इंटर कॉलेज नगीना में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह (15 जून 2025 से 21 जून 2025) के अंतर्गत विद्यालय परिसर में एन.एस.एस. के स्वयं सेवक/सेविकायें तथा स्काउट गाइड ने योग अभ्यास किया। जिसमें प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर व कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार सिंह गौतम ने बताया कि इस वर्ष 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग करने से हम तनाव मुक्त रहते हैं और हमें शक्ति प्राप्त होती है। प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्त रहता है। विद्यालय के योग शिक्षक शहजाद अहमद ने स्वयं सेवक-सेविकाओं को अनेक योग आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर विद्यालय की अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# योग हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है: फैसल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आज इन्सान अपने खान-पान तथा जीवन शैली में बदलाव के बिना पर गंभीर रोगों की चपेट में आता जा रहा है। वायु प्रदूषण, जीवन शैली में बदलाव, फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन इंसान को रोगों की चपेट में लेता जा रहा है।

हमारे देश में स्वस्थ लोगों की संख्या घटती जा रही है। इन सब का मुख्य कारण हमारी जीवन शैली में बदलाव है। अपने आप को रोगों से बचाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना पड़ेगा। क्योंकि योग ही हमारे शरीर, मन, आत्मा को ऊर्जा, ताकत और सौंदर्य प्रदान करता है। शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। रोजाना योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। हमारा शरीर में रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ जाती है। इंसान अगर स्वस्थ है तो उसके लिए सब कुछ ठीक-ठाक है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए। नगीना के युवा समाजसेवी शेख जमशेद की भांजी आयरा फैसल उन लोगों के लिए एक प्रेरणा है, जो लोग योग करने से बचते हैं। आयरा फैसल रोजाना सुबह योग करती हैं। इस बारे में आयरा फैसल का कहना है कि वह योग अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए करते हैं। हर इंसान को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगा करना चाहिये। आयरा फैसल होली चाइल्ड स्कूल के कक्षा एलकेजी में पढ़ाई करती हैं। युवा समाजसेवी शेख जमशेद की भांजी आयरा फैसल ने लोगों को योग के साथ-साथ वृक्ष लगाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

उनका कहना है कि पर्यावरण में फैले प्रदूषण को समाप्त सिर्फ पेड़ पौधों द्वारा ही किया जा सकता है। इसलिए हर इंसान को अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए तथा उसका पालन जिस तरह से इंसान अपने बच्चों का करता है। उसी तरह से उन वृक्षों का पालन करना चाहिए। उन्होंने विश्व योग दिवस पर लोगों को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाने की अपील की।

# शिक्षण संस्थानों व सरकारी कार्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## नशा न करने की भी शपथ ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सभी शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों सहित आदि स्थानों पर योगासन की विभिन्न मुद्राओं के जरिये योग किया गया और योग के बारे में जानकारी दी। वहीं नशा न करने की भी शपथ ली गयी।



प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने शिक्षकों व छात्रों को बताया कि योग से शरीर एवं हृदय स्वस्थ व निरोगी रहता है। सभी को चाहिए कि नियमित रुप से योगाभ्यास करे। योग इन्सान के लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहेगा। वहीं शमशाद हुसैन ने शिक्षकों एवं बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा हमारे जीवन के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। उन्होंने छात्र/छात्राओं से नशा न करने की अपील करते हुए कहा कि नशे की लत में पड़े लोग एवं बच्चे बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। इस लिए हमें चाहिए की नशे से दूर रहे। उधर बच्चों ने नशे से मुक्ति सम्बंधित चार्ट पर सिलोग्न बनाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, सुरेन्द्र पाल सिंह, विजय पाल सिंह, शकील अहमद, नफीस अहमद, मौहम्मद शहजाद, इकबाल अहमद, रिहान अहमद, अरशद हुसैन खां, रईस अहमद, नईम अहमद, अबरार अहमद सहित स्टाफ व छात्र मौजूद रहे। नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कालेज में भी योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य विनीत त्यागी, विजय वर्मा, लखवीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे। वहीं मुस्लिम फण्ड इन्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य नूर अफ्शा के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण में योग दिवस मनाया गया तथा छात्राओं को नशे से मुक्ति की शपथ दिलाई।

नगर के गढ़ी मन्दिर पर अधिशासी अधिकारी व थाना प्रांगण में थाना प्रभारी के नेतृत्व में योगासन किया गया।

# लूट की रिपोर्ट 20 दिन बाद दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** बीस दिन बाद ही सही आखिर पुलिस ने यह मान ही लिया कि शांति देवी शुगर इंडस्ट्रीज में चोरी हुई है। जिसके चलते हीमपुर दीपा पुलिस ने शातिर चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं आज फील्ड यूनिट ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और फोटो वीडियो बनाकर अपने साथ ले गई ।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम उल्हेड़ा में स्थित शांति शुगर इंडस्ट्रीज में बीती 1- 2 जून की मध्यरात्रि शातिर चोरों ने स्टोर रूम का ताला तोड़ते हुए स्टोर रूम में रखे करीब 10 लाख रुपए कीमत के 15 कुंटल कॉपर के केबिल को चुरा लिया । बताया जाता है कि यह 15 कुंटल कॉपर केबिल पांच-पांच, दस-दस मीटर के बंडल के रूप में बंधा रखा है । उधर थाने में तहरीर देने वाले चांदपुर निवासी महेश चंद गुप्ता ने बताया कि इस शुगर इंडस्ट्री की देखभाल के लिए दो चौकीदार रखे हुए थे। जिन्होंने भी चोरी होने की बात को कबूला है । वहीं चोरी की घटना के बाद इन चौकीदारों को देखभाल से हटा दिया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार सुबह फील्ड यूनिट भी घटना स्थल पर पहुंची और मामले को समझने की कोशिश की । उधर शिकायतकर्ता महेशचंद्र गुप्ता ने बताया कि गाड़ी बाहर सड़क की ओर गेट नम्बर तीन पर खड़ी थी और अंदर से केबिल के बंडल टूटी पड़ी दीवार पर बाहर को पकड़ाये गए है । उन्होंने बताया कि सुबह गेट नम्बर 3 पर गाड़ी के टायर के निशान भी मौजूद थे । हालांकि पुलिस अब तक घटना को संदिग्ध मां रही थी। परंतु शुक्रवार देर शाम को रिपोर्ट दर्ज कर अब पुलिस इस घटना के खुलासे में जुट गई है ।

**कहीं पैसे का लेन-देन तो घटना का कारण नहीं?**

सूत्र बताते है कि यह इंडस्ट्री लंबे समय से बंद है, जिसका लोहा भी जर खाकर अब गलना शुरू हो गया है। इसी वजह से अब इंडस्ट्रीज मालिक ने इस लोहे और मशीनरी को बेचने का मन बनाया था। इसके सैकड़ों कुंटल लोहे को हरियाणा-पंजाब की ओर किसी व्यापारी को बेचा गया था । सूत्रों का दावा है कि सही समय पर पैसे न दे पाने के चलते इसके लोहे की कटाई के काम को रुकवा दिया गया था । जिसके चलते दोनों ही पक्षों में बहस शुरू हुई थी । सूत्रों की माने तो परदेशियों का पैसा फंसा होना भी इस घटना का एक हिस्सा हो सकता है । वहीं उनका आया हुआ कुछ पैसा न देना पड़े और शक दूसरी पार्टी पर जाए घटना घटित होने का दूसरा पहलू ये भी संभव है । पुलिस का बीस दिन बाद रिपोर्ट दर्ज करना यह साफ बताता है कि यह किसी छोटी मोटी हस्ती की रिपोर्ट नहीं थी। इसीलिए लाख बहाने बनाने के बाद भी पुलिस इस रिपोर्ट को दर्ज करने से नहीं बच सकी । हां किसी आम आदमी की रिपोर्ट बीस दिन बाद पुलिस ने दर्ज की हो ऐसा अक्सर नहीं सुना।

# फर्जीवाड़ा करने वाला लेखपाल निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** फर्जी खाता बनाकर गाटा दर्ज करने के मामले को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने लेखपाल मोहित सक्सेना को निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी आशुतोष जयसवाल ने भाकियू नेता सोनू विर्क की शिकायत पर पाया कि तहसील नगीना के ग्राम मदपुरी की 07 जून को जारी उद्धरण खतौनी में गाटा संख्या 17/1 मि. रकबई 1.265 खतौनी खाता संख्या 130 पर कूटरचित दर्ज होना पाया गया। उपजिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल मोहित सक्सेना हकीकतपुर सहसू सम्बद्ध भूलेख कम्प्यूटर कक्ष नगीना को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्थित कर दी है।

उक्त मामले में निलंबित लेखपाल ने किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के बिना ही खतौनी में कूटरचित खाता बनाकर राजस्व अभिलेख में हेरा फेरी करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया और अपने पदेन दायित्वों के विपरीत काम कर कूट रचित खाता बनाकर प्रकरण को छुपाकर रखा। मामले में नायब तहसीलदार नगीना को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए एक सप्ताह के अन्दर आरोप पत्र जारी करने के आदेश दिए गए है। निलम्बन काल में मोहित सक्सेना, लेखपाल को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय नगीना से सम्बद्ध किया गया है।

ज्ञात हो कि लेखपाल द्वारा उक्त क्षेत्र के एक व्यक्ति को कुछ जमीन नया गाटा बनाकर उसके नाम कर दी गई। जब उक्त व्यक्ति ने जमीन पर कब्जा करना चाहा, तो किसान यूनियन नेता सोनू विरक को इस फर्जीवाड़े के बारे में जानकारी हुई, तो सोनू विरक ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी नगीना से की थी।

# गंगा खादर में नहीं हुई पैमाईश

## राजस्व विभाग की टीम के न पहुंचने पर बैरंग लौटी वन विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** तहसील प्रशासन की टीम के गंगा खादर में नहीं पहुंचने से गंगा खादर की पैमाईश नहीं हो सकी, जिस कारण वन विभाग की टीम को भी बिना पैमाईश किए बैरंग लौटना पड़ा।



नांगल सोती के गंगा खादर में किसानों, वन विभाग और राजस्व विभाग की सैकड़ों बीघा भूमि है। कुछ माफिया ने यहां वन विभाग और राजस्व विभाग की सैकड़ों बीघा भूमि पर अवैध फसल उगा रखी है। खादर के किसान भूरा ने इसकी शिकायत वन विभाग और राजस्व विभाग के आलाधिकारियों से की थी। जिसकी पैमाईश शनिवार को होनी थी। शनिवार को राजगढ़ रेंज के उपवन क्षेत्राधिकारी राम मुसाफिर यादव, वन दरोगा योगेश कुमार अपनी टीम को लेकर गंगा खादर पहुंच गए, लेकिन राजस्व विभाग नजीबाबाद की टीम पैमाईश कराने के लिए मौके पर नहीं पहुंची, संयुक्त नंबर होने के चलते वन विभाग भी अपनी पैमाईश नहीं कर सका, जिसके चलते वन विभाग की टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र सौरभ कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती मधु को 16.06.2025 को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है तथा अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिये है। मेरे पुत्र सौरभ कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती मधु अपने द्वारा किए गए कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मान सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम रामपुर, पोस्ट हल्दुआ माफी, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक नवीन प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड उमरी कलां के गठन हेतु बैठक का आयोजन ग्राम व पोस्ट उमरी कलां विकासखंड हल्दौर तहसील व जिला बिजनौर में श्री शबाहत हुसैन की बैठक पर दिनांक 26 जून 2025 को प्रात: 11:00 बजे होना प्रस्तावित है। सभी न्याय पंचायत चांदा नंगली वासी बैठक में सादर आमंत्रित है।

**ऑर्गेनाइजर**
**प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड उमरी कलां बिजनौर**

# धामपुर में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के लाभ बताए, स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धामपुर नगर में उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं जनकल्याण संगठनों द्वारा योगाभ्यास के आयोजन कर जन-जन को स्वास्थ्य एवं योग के महत्व से जागरूक किया गया।

योग दिवस के अवसर पर शिवा. जी पार्क में नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पालि. का अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता निभाई। योगाभ्यास कार्यक्रम ने क्षेत्रवासियों को मानसिक और शारीरिक रूप से जागरूक करने का कार्य किया।

कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित योग कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षिकाएं श्रीमती नीरज, अमृता चौहान, नीना वर्मा, मीनाक्षी, जौली, सुषमा, उषा, और अंजली, प्रधान लिपिक यशवीर, साथ ही अनेक छात्राएं जैसे गरिमा, अक्षघ, अलीना आदि ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में पूर्णिमा शर्मा और करिश्मा सक्सेना ने योगाभ्यास कराया और छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के लाभ बताए।

सुमंगलम फार्म हाउस में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में योगाचार्य गजराज सिंह और शिवेंद्र अग्रवाल द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. आर.के. सिंह, आदर्श सिंह, राम सिंह सैनी, धर्मेश सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा, सुनीता नंदा, कविता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

आरएसएम डिग्री कॉलेज में आयोजित योग सत्र का संचालन डॉ. राम सिंह द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

पंजाबी कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वावधान में डॉ. प्रीति बिश्नोई और लवी अग्रवाल द्वारा योगाभ्यास कराया गया, जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

श्री राम कॉलेज, पीपलसाना में भी योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह ने योग के वैज्ञानिक पक्ष और मानसिक शांति पर बल दिया।

धार्मिक स्थलों में भी योग का आयोजन हुआ। संकट मोचक सिद्धेश्वर बालाजी धाम में महंत राहुल अग्रवाल ने योग साधना के माध्यम से शरीर और आत्मा की शुद्धि पर प्रकाश डाला।

धामपुर शुगर मिल, एवं मोहल्ला खतियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए गए। खासकर महिला सभा द्वारा आयोजित शिविर में महिलाओं ने योग की अनेक मुद्राएं और करतब दिखाकर संदेश दिया कि स्वस्थ महिला, स्वस्थ समाज की आधारशिला है।

धामपुर नगर में यह आयोजन न केवल योग को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बना, बल्कि स्वस्थ भारत स्वस्थ समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ।

# योग को अपनाएं और स्वस्थ, खुशहाल जीवन का आनंद लें : अमजद अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** स्थानीय सहसपुर नगर पंचायत सहसपुर कार्यालय परिसर में लिपिक, सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारी आदि लोगों के बीच सहसपुर के सम्मानित व्यक्ति डॉ. ओम प्रकाश पाल (योग गुरु) ने कार्यालय नगर पंचायत परिसर में योग कराया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया।

चेयरपर्सन नाहिद परवीन पत्नी अमजद अली अंसारी ने अपने आवास पर ही प्रतिदिन की तरह योगासन किया। समाजसेवी अमजद अली ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निमित्त रूप से योग करने से ही मानव का शरीर निरोगी होता है, वहीं उन्होंने आज 57 मिनट तक योग किया।

दूसरी ओर अमजद अली ने बताया कि संपत्ति या किसी भी अन्य पदार्थ या वस्तु का विनिमय हो सकता है।लेकिन स्वस्थ शरीर का लाभ स्वयं को प्राप्त होता है। स्वस्थ व निरोगी होने का लाभ स्वयं को ही मिलता है। यही मानव की सबसे बहुमूल्य संपत्ति है, इसीलिए हमें स्वयं की रक्षा करते हुए वह अपने शरीर को तंदुरुस्त (फिटनिस) का मुख्य रूप देते हुए निमित्त रूप से व्यायाम करना चाहिए। अमजद अली ने आगे बताया कि यह केवल एक दिन का त्यौहार नहीं बल्कि योग हमें प्रतिदिन प्रात: काल में एक अभ्यास के रूप में करना चाहिए। योग को अपने जीवन में अपनाएं और स्वस्थ, खुशहाल जीवन का आनंद लें , यही हमारे शरीर के लिए बहुमूल्य है।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मनाया योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

प्राचीन व प्रसिद्ध शिव मोटा महादेव मंदिर प्रांगण में योग उपरांत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य विधान परिषद विधायक सुबोध पाराशर मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला, मंडल महामंत्री कपिल राजपूत, सचिन देशवाल, गोपीचंद, डॉ. मयंक चौहान, राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, नरपाल सिंह, हर्ष पाराशर, अनुज काकरान, महबूब मलिक, अजीम अहमद, जगदीश सिंह, हेमराज सिंह, योगेश राजपूत, पंडित शशि नाथ, सुमित गुर्जर, नौबाहर सिंह आदि ने पूर्व अध्यक्ष योगाचार्य अरुण राजपूत के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। उसके उपरांत सभी ने सांकेतिक पौधारोपण करते हुए नीम का पौधा लगाया।

# कृष्णा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृष्णा कालेज बिजनौर में 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम को केंद्र में रखते हुए एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान के प्रेरणास्पद संबोधन से हुई। उन्होंने योग की वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह समग्र जीवन को संतुलित और सकारात्मक बनाने की विद्या है। उन्होंने सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता संजीव कुमार ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों और प्राणायामों की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी, ताड़ासन, एक पाद ताड़ासन जैसे योगाभ्यासों के लाभ विस्तार से समझाए और नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में शिक्षा विभाग की प्रवक्ता अंशिका राव ने ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का संचालन किया। उन्होंने मन की एकाग्रता, मानसिक संतुलन और आत्मशांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को ध्यान की विधि का अभ्यास कराया।

इस विशेष आयोजन में कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ, डा. सीमा शर्मा, डा. अंकित कुमार सैनी, डा. एम.ए. खान, विशाल विक्रम सिंह, सुनील कुमार, डा. पायल राठी, मन्दीप कुमार, डा. ज्योत्सना सिंह, डा.दुष्यन्त कुमार जैन, गोपाल स्वरूप सिंह, सौम्या वर्मा, शुभांशी वर्मा, दीक्षा त्यागी आदि सहित कई शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना एवं एक स्वस्थ, समर्पित और सामूहिक चेतना से परिपूर्ण समाज का निर्माण करना रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और कार्यक्रम का समापन उत्साह, ऊर्जा और स्वस्थ भविष्य के संकल्प के साथ किया गया।

## एक नजर

### योग से शरीर रहता है निरोग




**चांदपुर।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑरगेनाईजेशन (सूर्या फाउण्डेशन) नगर समिति चांदपुर के द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर उपाध्यक्ष कुंवरसैन गौतम एवं राहुल बंसल महासचिव के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राहुल बंसल ने कहा कि योग क्रिया से जहां हमारा शरीर बीमार नहीं पड़ता। वहीं योगाभ्यास के नियमित रूप से करने से शरीर मजबूत भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के डायरेक्टर नीलेन्द्र बादल एवं रजिस्ट्रार नरेश कुमार के सौजन्य से समिति द्वारा ही कॉलेज में प्रतिवर्ष कार्यक्रम को आयोजित कराने में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग मिलने पर हर्ष भी जताया। कार्यक्रम का संचालन दीपक सरोहा के द्वारा किया गया। समिति में डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. अमित रघुवंशी, पिंकी पश्चिम, श्याम बाबू गुप्ता पत्रकार, अजय कुमार,सीनियर पत्रकार व कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहीं।

### ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**राजा का** ताजपुर। ज्योति कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा के तहत पहुंची एक बैंकट हॉल में ज्योति कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि उदयभान सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वेदपाल सिंह, बसंत सिंह, स्वर्ण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा वर्ष 1926 में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा शुरू की गई गायत्री मिशन की स्थापना के शताब्दी वर्ष 2026 की पूर्व तैयारी के अंतर्गत देश के 32 राज्यों में निकाली जा रही है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं सहित ममता अग्रवाल, दिनेश सिंह, संतोष देवी, अरुण गिरी, डॉ. रोहिताश सिंह, अनूप गौड़, तेजपाल सिंह, अरुण अग्रवाल आदि ग्रामीणों ने कलश पूजन कर आध्यात्मिक वातावरण में सहभागिता निभाई।

### दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शोकसभा

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक में अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी पंडित हृदेश शर्मा (58 वर्ष) जो रामपुर पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे कि मृत्यु, बिजनौर नई बस्ती निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार शर्मा की पत्नी धनेश्वरी देवी (70 वर्ष) तथा नगीना के वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा (67 वर्ष) का बीमारी के चलते निधन हो जाने पर शोक व्यक्त किया गया। दरोगा हृदेश शर्मा का ड्यूटी के दौरान रामपुर में ही हार्ट अटैक आने के कारण निधन हो गया था। नगीना निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी भी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिनका मंगलवार को निधन हो गया। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकग्रस्त परिजनों को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष संजय शर्मा एड., महामंत्री डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, नगर अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, उपाध्यक्ष डीसी शर्मा, राकेश शर्मा, गणेश ठाकुर एड., राजेंद्र गौतम, मनोज शर्मा, आलोक भारद्वाज एवं आरडी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों ने किया योग

## करो योग रहो निरोग विषय पर गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद महाविद्यालय दरवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व सेविकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मानते हुए प्रात: योग किया व करो योग रहो निरोग विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अतुल कुमार चौहान ने समस्त छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए मॉर्निंग वॉक के साथ-साथ योग करने पर जोर दिया और बताया कि योग से संपूर्ण शरीर की बीमारियां नष्ट होती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेर सिंह कटारिया व विनीत कुमार ने सभी विद्यार्थियों को योग करना सिखाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से डॉ. माहे सफिया, डॉ. अमित मित्तल, डॉ. शिप्रा अग्रवाल, प्रियंका सिंह, डॉ. रेशमा सैलानी, डॉ. प्रियंक कुमार, जॉनी राजपूत, सुशील चौहान, खलील उर रहमान आदि उपस्थित रहे।

एम.एम. इंटर कॉलेज में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पर्व पर बहुत उत्साह और उल्लास से योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों और शिक्षोत्तर कर्मचारियों के साथ प्रधानाचार्य हाजी मौहम्मद ताहिर ने नियमित योग करने के लाभ और उससे निरोग रहने के उपाय बताए। इसके बाद व्यायाम शिक्षक राशिद अली ने योग के बहुत से आसन कराए। साथ ही डॉ. रोहिताश ने भी कुछ आसन कराए। छात्रों ने उत्साह के साथ योग के आसान किए। समस्त शिक्षकगण और शिक्षोत्तर कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। शिक्षक काजी फिरोज, सैयद बिलाल अकबर, रिजवान बारी हाशमी, नवाज शरीफ एवं कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद आजिफ फारुकी ने भी योग दिवस में हिस्सा लिया।

गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गयी है। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के एनसीसी के अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार ने शिक्षकों तथा कर्मचारियों के अतिरिक्त उपस्थित एनसीसी तथा एनएसएस के छात्र एवं छात्राओं को सूर्य नमस्कार तथा अन्य योग क्रियाएं करायीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर प्रोफेसर साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग हमें आपसी जुड़ाव का एहसास कराता है, हमें व्यक्तिकता से सामूहिकता की ओर ले जाता है और सिखाता है कि हम अकेले अस्तित्व में नहीं हैं। हम प्रकृति का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त डॉ. प्रदीप कुमार तालान, मौहम्मद आरिफ, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान उपस्थित रहे। जबकि इस अवसर पर कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

# दिशा में एकम्स फार्मा कंपनी ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फार्मा क्षेत्र की कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महासर्चिव मुकेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, कंपनी के एचआर एक्जीक्यूटिव मयंक शर्मा व शेखर चौधरी, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, तथा फार्मेसी प्रिंसिपल डा. बी.के. भारती द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

इस ड्राइव में बी.फार्मा, डी. फार्मा व बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को तीन चरणों परिचय, तकनीकी ज्ञान और ग्रुप डिस्कशन में विभाजित किया गया। चयनित छात्रों को ३ माह की ट्रेनिंग के लिए एकम्स प्लांट हरिद्वार बुलाया जाएगा। टीपीओ हेड डा. समीर अहमद का आयोजन में विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन शिक्षिकाएं रश्मि शर्मा व सुनैना राजपूत ने किया।

ार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षकों व स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# रवा राजपूत संघ ने फ्लाइंग ऑफिसर श्रेयांश राजपूत को किया सम्मानित

## स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रवा राजपूत संघ बिजनौर ने श्रेयांश राजपूत पुत्र अरविन्द राजपूत निवासी शाहपुर सुक्खा को भारतीय वायु सेना में फ्ला. इंग आफिसर नियुक्त होने पर रवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया उनको स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र व बुके प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विनीत राजपूत अध्यक्ष रवा राजपूत संघ बिजनौर ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रेयांश राजपूत ने भारतीय वायु सेना मे फ्लाईग आफिसर के पद पर नियुक्त होकर पूरे रवा राजपूत समाज को गौरवान्वित किया है। उनके अटूट परिश्रम व लगन से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है और उनकी इस उपलब्धि मे उनके माता- पिता का संघर्ष अदृश्य रूप से उनके साथ था।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज के युवा आज अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न क्षेत्रो मे सफलता सी ऊंचाईयों को प्राप्त कर रहें है। नित नये आयाम बना रहें है और इस सब में प्रतियोगिता के साथ साथ आरक्षण से भी प्रतियोगिता करनी पड़ती है। उसके बाद हम सफल होते है क्योंकि बहुत सारे युवाओं पर प्रतियोगिता के नम्बरों के साथ साथ आरक्षण की बैसाखी भी होती है पर हमारे रवा राजपूत समाज के युवा इन सब बाधाओं को पार करके सफलता व उच्च मुकाम हासिल कर रहें है और समाज आप सबसे अपेक्षा रखता है कि आप अन्य युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए उनका सहयोग करते हुए उनको भी सफल होने का मार्ग प्रशस्त करेगें। पद पर रहते हुए अपने समाज के उत्थान के लिए सहयोग करेगें। समाजिक कार्यो मे रूची रखते हुए सहयोग करेगें। रवा राजपूत संघ बिजनौर आपके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आपका अभिनंदन करता है।

इस अवसर पर मनीष राजपूत, अतुल राजपूत, देवेन्द्र राजपूत, उमेश राजपूत, पुनीत राजपूत, कोमल राजपूत, अजय, कृष्ण राजपूत, विवेक राजपूत, भीष्म सिंह, राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

## जिलाधिकारी ने ली डीएलआरसी व डीसीसी की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि ऋण योजना के अन्तर्गत रोजगार परक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अपनी ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए पाया कि इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा सहित छह बैंक शाखाओं द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत के सापेक्ष 40 प्रतिशत से भी कम की प्रगति की गई है। उन्होंने प्रत्येक बैठक में बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद भी उक्त ऋण जमा अनुपात कार्य में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी सीमावर्ती ग्रामों का निरीक्षण करें और आबादी के निर्धारित मानक के अनुरूप जिन गांवों में बैंक सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर बैंक शाखाएं अथवा बैंकिंग आउटलेट की स्थापना करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में डीएलआरसी एवं डीसीसी की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 2202 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए। इनमें से 646 स्वीकृत आवेदनों में से 465 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 763 आवेदन स्वीकृत के लिए तथा 178 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 794 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 420 ऋण खातों में रुपए 180.86 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्षण की प्राप्ति के लिए बैंकर्स एवं पंजीकृत वेंडर्स के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाएं तथा योजना से संबंधित जन समर्थ पोर्टल ऋण के लिए उपलब्ध होने वाले आवेदनों का निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि बैंकों द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना में ऋण देने में लापरवाही बरती जा रही है। समस्त बैंकर्स यह ध्यान दें कि सरकार गरीबों के स्वरोजगार के लिए जो योजनाएं चला रही हैं, उसमें बैंकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है, इसलिए बैंकर्स सरकारी योजनाओं के ऋणों की फाइलों को पूरी गुणवत्ता के आधार पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत माह मार्च 2025 तक प्रथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 8526.02 करोड़ के सापेक्ष 7510.52 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 88.08 प्रतिशत है। व्यवसायिक बैंकों ने 76.86 प्रतिशत, ग्रामीण बैंकों ने 113.62 तथा सहकारी बैंकों ने लक्ष्य के सापेक्ष 121.38 की उपलब्धि प्राप्त की।

बैठक में उन्होंने सकल कृषि अग्रिम, कमजोर वर्ग के अग्रिम, महिलाओं को अग्रिम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका, मुख्यमंत्री युवा उद्यमि विकास अभियान, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अल्पसंख्यकों का ऋण और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में उपलब्धि की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकर्स गरीबों के कल्याणार्थ योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करें और उनके स्वरोजगार जो प्रकरण लम्बित है, उनका पूरी गुणवत्ता के आधार पर शत प्रतिशत रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तौगी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अखिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, डीडीएम नाबार्ड सहित समस्त बैंकर्स, संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।







सम्भल- शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में योग दिवस पर योगासन करते ई ओ डा. मणि भूष्ण तिवारी व नगर मजिस्ट्रेट, मिशन इंटरनेशन अकेडमी में योगा करते बच्चे व बबराला में योग क्रियाओं में शामिल हुआ डीएवी का स्टाफ चेयरमैन।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में जगह-जगह हुआ योगाभ्यास

# योगासन स्वस्थ जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शिक्षण संस्थानों, सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों के अलवा घर-घर मनाया गया। योग दिवस पर विभिन्न आसन्न कर योगाभ्यास कराया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर के समापन पर योग शिविर का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी, पतंजलि के राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, प्रीति आर्य,मंजू आर्य, महिला पतंजलि जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में रोजाना की जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण यौगिक का अभ्यास कराया गया। अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, और सूर्य नमस्कार. इसके अतिरिक्त, यौगिक जॉगिंग और कुछ अन्य आसन भी जो स्वस्थ जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण है वह भी कराए गए। रोजाना की जाने वाली यौगिक क्रियाएं अनुलोम-विलोम करायी गईं। बताया कि यह एक प्राणायाम है जिसमें नाक के एक छिद्र से सांस लेना और दूसरे छिद्र से छोड़ना शामिल है। यह श्वसन तंत्र को स्वस्थ रखने और तनाव कम करने में मदद करता है। मिशन इंटरनेशनल अकादमी में स्कूल मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जबकि योगासनों का अभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर,बहजोई स्थित भगत जी इंटरनेशनल स्कूल में योग शिविर में, स्कूल की प्रधानाध्यापिका नेहा मलय द्वारा योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया तथा लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम सिखाए। कल्कि धाम में योग शिविर में योगाचार्य वीरेंद्र गुप्ता द्वारा योगासन कराए गए। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम कहा कि योग का शाब्दिक अर्थ जोड़ना है। आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का कार्य भी योग है। श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहतपंजू सराय में दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पर समिति साधक साधिकाओ को योगाभ्यास कराया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ व प्रशासनिक कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान योग क्रियायें कर निरंतर योग करते रहने को प्रेरित किया। इस दौरान सीएमएस डा. राजेन्द्र सैनी, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. अजफर कमाल, डा. चमन प्रकाश, सुरेशपाल सिंह, डा के के हटवाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। **बबराला** नगर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कई स्थानों पर योग शिविर का आयोजन होगा। नगर के बाबूराम सिंह भाय सिंह पीजी कालेज में शनिवार 5 बजे से 7.30 बजे तक अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में योगा का आयोजन हुआ।योग से पूर्व यज्ञ भी हुआ। नगर के योगा पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व नगर पंचायत बबराला द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिक्षक सतीश आर्य व यशपाल शास्त्री ने सभी के लिए योग क्रियाओं को कराया। उन्होंने करो योग रहो निरोग के बारे में योग करके बताया कि संघ के विभाग प्रचार प्रमुख अरुण कांत ने बताया कि योग क्रिया से शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही बीमारियों से भी दूर रखा जा सकता है।डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन एम.एस. प्रसाद व प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने योग किया।योगाचार्य मोहन उपाध्याय, ज्योति वासु आर्य, राष्ट वसु आर्य ने योग कराये। कार्यक्रम में विभिन्न डीएवी स्कूलों के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं डी ए वी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक साथ समाहित होकर योग किया। समारोह के समापन अवसर पर चेयरमैन एम.एस. प्रसाद व प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने सभी को योग को जीवन का हिस्सा बनाने और नियमित साधना करने का सन्देश दिया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत गुन्नौर द्वारा पाताली शिव मंदिर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अधयक्ष नगर पंचायत गुन्नौर अधिशासी अधिकारी गुन्नौर,लिपिक गुन्नौर, एस बी एम ब्रांड एम्बेसडर गुन्नौर तथा समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उपरांत सभी को प्रशास्त्रे पत्र देकर सम्मानित किया गया।नगर पंचायत गुन्नौर की चेयरमैन श्रीमती खुशबू प्रजापति तथा पति धर्मेंद्र प्रजापति, ईओ अमरीश तिवारी, प्रधान लिपिक पूनम यादव,मुजाहिद मौजूद रहे।

# अवैध क्लीनिक संचालन पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर प्रसव करने व प्रसव के दौरान एक महिला की मृत्यु होने के मामले में शिकायत पर नोडल अधिकारी के निरीक्षण के बाद तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के खिरनी में 19 जून को आशाओं द्वारा नोडल अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई गई थी। नोडल अधिकारी ने शिकायत पर अवैध क्लिनिक संचालित करने वाले डा. छत्रपाल के घर पर छापा मारा। जहां उनकी पत्नी रूपवती द्वारा प्रसव किया जाता है। निरीक्षण के दौरान प्रसव में इस्तेमाल होने वाली दवाई ,ड्रिप स्टैंड और जली हुई दवाइयां मिलीं। क्लीनिक संचालित करने से संबंधित कोई भी अभिलेख नहीं दिखाया जा सका। मौके पर जली हुई दवाइयां और इंजेक्शन को सील कर दिया गया। वहीं नोडल अधिकारी डा. मनोज की तहरीर पर कैला देवी थाने में डा. छत्रपाल और उसकी पत्नी रूपवती के खिलाफ इंडियन मेडिकल काउंसलिंग एक्ट की धारा तथा भारतीय न्याय की संहिता 2023 की धारा 318 (4) व अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी आशा द्वारा शिकायत की गई थी कि गांव की विनीता पत्नी अमरपाल की मृत्यु प्रसव के दौरान डा. नेहा पत्नी जीराज के क्लीनिक पर हो गई थी। शिकायत पर निरीक्षण करने पर हॉस्पिटल बंद पाया गया था।

# गोलू देवता मंदिर के पुजारी ने की पूर्व चेयरमैन से मुलाकात

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तराखंड के भवाली के घोड़ा खाल गोलू देवता मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जीवन जोशी ने भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक मुलाकात की और उन्हे आशीर्वाद दिया।



सम्भल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही से मुलाकात करने पहुंचे गोलू देवता मंदिर के पुजारी पंडित जीवन जोशी ने कहा कि नुसरत दिलाए गौ सेवा जन सेवा और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जिस तरह से प्रचार प्रचार कर कार्य कर रहे हैं वह सदैव सुखी रहेंगे और समाज के लोगों को इसी तरह से जागरूक कर कार्य करते रहेंगे ऐसी हमें उम्मीद है। वही हाजी नुसरत इलाही ने भी आश्वस्त करते हुए कहा कि यकीनन वह इस तरह के कार्यों से बेहद खुश हैं उन्हें भारतीय सद्भावना मंच ने सेवा करने का मौका दिया है और डा. इंद्रेश आरएसएस एवं मां साध्वी कल्पना अरुंधति का मार्गदर्शन उन्हें इसी तरह से मिलता रहा तो वह गोसेवा की अलख जगाते रहेंगे।

## मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** थाना हजरत नगर गढ़ी में मोहर्रम को लेकर। पीस मीटिंग की गई जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने थाना क्षेत्र के सम्मानित लोगों एवं धर्मगुरु से संवाद किया। जुलूस का आयोजन करने वाले वह ताजियादरों से बात की।

# आंख में मिर्ची डालकर सोते लोगों पर लाठी-डंडों से हमला

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव ही के दो युवक घर में घुस गए और घर में सो रहे पीड़ित की आंखों में मिर्ची डाल दी। और लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। अचानक हुए हंगामा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए दोनों युवक गांव के लोगों को आता देखकर बाइक छोड़कर फरार हो गए,पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

थाना हयातनगर क्षेत्र के फत्तेहपुर उत्तमा निवासी छोटू पुत्र

**○पुलिस ने मामला किया दर्ज**

सत्यवान अपनी पत्नी बबीता तथा परिजन दीपांशी, आयुष और अरुण के साथ अपने घर के अंदर सो रहा था। बीती रात गांव के ही निवासी मोनू पुत्र ओमवीर सिंह अपने एक साथी के साथ छोटू के मकान में घुस गया। और पलंग पर सो रहे छोटू की आंखों में मिर्ची डाल दी। जिससे छोटू तड़पने लगा और लाठी डंडों से छोटू पर हमला कर घायल कर दिया। छोटू की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए। लोगों को आता देखकर मोनू अपने साथी के साथ अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तो वही पुलिस तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।



सम्भल-हजरत शाह जुनैद मियां के मजार पर सौहार्द की चादर चढ़ाते अकीदतमंद।

# हजरत जुनैद शाह के मज़ार पर चढ़ी सौहार्द की चादर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक हजरत जुनैद शाह मियां रहमतुल्लाह अलेह के सालाना उर्स पर चादर पोशी की रस्म अकीदत के साथ अदा की गई।

सुप्रसिद्ध सूफी हजरत जुनैद शाह मियां रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह मौहल्ला चमन शेर खा सराय में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। जिसमें मुकद्दस किताब की तिलावत, मिलाद पाक व लंगर हुआ। इसके साथ ही परंपरागत रस्म चादर पोशी हुई। दरगाह हजरत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी के केशियर एवं खादिम ररजंद अली वारसी के निवास से चादर उठी और दरगाह शरीफ पहुंची जहां मुल्क व शहर में अमन शांति एवं भाईचारे के लिए दुआ की है। आपसी भाईचारे व सांप्रदायिक सद्भाव का पैगाम दिया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली, रईस अहमद मसूदी, रहमत अली, अब्दुर्रहमान, मौहम्मद इमरान, इंतजार हुसैन, दबीर अहमद, मोहम्मद वसीम आदि शामिल रहे।

## सिंदूर वाटिका में डीएम ने रौपे सिंदूर के पौधे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद सम्भल की एक अनूठी पहल कचरा संवेदनशील स्थल (गार्बेज वनरेबल प्वाइंट) को विलोपित कर उसका सौंदर्यकरण कराया और उसको आपरेशन सिंदूर की सफलता की स्मृति में सिंदूर वाटिका के रूप में रूपांतरित करते हुए 108 सिंदूर के पौधों को डीएम और एसपी ने रोपित किए।

नगर के बहजोई रोड स्थित तिवारी सराय/लाडम सराय स्थित भूमि को कुछ दिन दपूर्व कब्ज़ा मुक्त कराया गया था। नगर पालिका की इस भूमि पर आपरेशन सिंदू से प्रभावित होकर उसकी स्मृति में सिंदूर वाटिका बनायी गयी है। शनिवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व एसपी के के विशनोई ने मंत्रोच्चारण व जयकारों के बीच आपरेशन सिंदूर के तहत नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा बनाई गई सिंदूर वाटिका में सिंदूर पौधो का रोपण कर इसकी शुरुआत क। इस दौरान ईओ डा. मणिभूषण तिवारी, एसडीएम विकास चंद्र, नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# जल्द नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में होंगे विकास कार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में विकास कार्य कराये जायेंगे। 15वें वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्यों को लेकर बैठक में डीएम ने चर्चा की और सड़कों की गुधावत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**○15वें वित्त आयोग के तहत होने वाले कार्यों की डीएम ने की चर्चा**

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक में नगर पालिका सम्भल के तहत मुरादाबाद मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था को स्मार्ट पोल, डबल आर्म पोल एवं एलईडी, और नगर पालिका के अर्न्तगत दुकानों के निर्माझा कराने के साथ विभिन्न वार्डों में सी सी रोड एवं नाला निमाण, इंटरलॉकिंग कार्य कराया जायेगा, जबकि नगर पालिका परिषद चन्दौसी में सी सी रोड, नाला निर्माण और फव्वारा चौक का सौन्दर्यकरण एवं डैकोरेटिव पोल को लेकर चर्चा की। स्ट्रीट वेंडर ज़ोन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। नाला निर्माण के एस्टीमेट को लेकर निर्देशित करत हुए लोनिवि के सहायक इंजीनियर द्वारा एस्टीमेट की जांच करने को निर्देश दिया। नगर पंचायत बबराला के तहत पीएमश्री विद्यालय के अवशेष भाग को लोके जाल द्वारा कवर्ड करने को निर्देशित किया। टाइड फांड के तहत किये जाने वाले कार्यको लेकर नगर पालिका एवं नगर पंचायतवार चर्चा की। बैठक में ट्रैक्टर ट्राली, सेफ्टी इक्विपमेंट, टूलकिट हॉपर, डीपर डंपर, हैंगिग डस्टबिन, ट्राई साईकिल रोड, स्वीपिंग मशीन,फायर हाइड्रेंट, पाइपलान, हैंडपम्पों का रिबोर, जनरेटर सेट आदि तथा नगर पंचायत सिरसी में पिट कम्पोस्ट, एवं वर्मी कम्पोस्ट तक इंटरलॉकिंग, टाइल्स का निर्माण, सामुदायिक शौचालय, पैयजलापूर्ति के लिए पीवीसी पाइपलाइन, नरौली नगर पंचायत में डस्टबिन आदि लगाने को लेकर चर्चा की गयी। डीएम ने नगर पंचायत के अर्न्तगत किस स्कूल में कितने रूपये का कार्य चल रहा है उसकी जानकारी मांगी और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा सड़कों की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# पुलिस चौकी का निर्माण मामला गर्माया

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** किसान के मकान के आगे पुलिस चौकी के निर्माण का मामला गरमा गया है। विरोध में आए भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर ग्राम समाज की भूमि पर चौकी निर्माण करने की मांग की।

**○भाकियू शंकर आई विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि तहसील सम्भल के ग्राम दबोई में गाटा-सं. 29 किसान की भूमि हैं। संक्रमणीय भूमिधर भूमि को अपने उपयोग में लाने के लिए किसान ने उक्त भूमि की धारा 80 की कार्यवही भी कर ली है। जबकि दूसरी मंजिल बनाने के लिए के ईंट बजरपुट बजरी आदि से घिरी हुई है,लेकिन उसका निर्माण होते हुए भी हटाने और यहां पर पुलिस चौकी का निर्माण होना बताकर तंग किया जा रहा है। ज्ञापन में किसान की सम्पत्ति को प्रभावित होने और उसका उपयोग किसी भी लायक नहीं बचने के साथ किसान का रास्ते भी बंद होने तथा अधिक नुक्सान होने के आरोप लगाए। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का आशवासन दिया। इसमें ओमवीर सिंह, भुवनेश यादव, आस मौहम्मद, फैज़, अहमद हसन,नसीम मलिक रईस त्यागी, ताज, चौ. जगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## कल्कि महोत्सव के निमंत्रण पत्र का विमोचन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर,कोट पूर्वी के पवित्र जगमोहन में श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के तत्वावधान में 65 वें श्री कल्कि जयंती महोत्सव के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया।

श्रीकल्कि विष्णु मंदिर कोट पूर्वी में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री कल्कि के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर 11 बार जय कल्कि जय जगत पते पद्मापति जय रमापते महामंत्र का जाप किया गया। सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी 29 व 30 जुलाई को श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) द्वारा 65 वां श्री कल्कि जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिसके निमंत्रण पत्र का विमोचन आज अतिथियों एवं संगठन के सदस्यों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी एवं श्री कल्कि भगवान को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि श्री कल्कि भगवान की जयंती के निमंत्रण पत्र भारत देश के विभिन्न राज्यों में डाक व सोशल मीडिया के माधयम से भेजे जाएंगे, क्योंकि प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न राज्यों से कल्कि महोत्सव में सहभागिता करके धर्म लाभ कमाते हैं।

# आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** दहेज उत्पीड़न के आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। खुलेआम घूम रहे आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने जान का खतरा होने की आशंका जताते हुए एसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगायी। चन्दौसी के ग्राम कैथल निवासी राजकुमार पुत्र शिव कुमार ने असमोली थाने में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसमें पुलिस ने सचिन,जगपाल, प्रवेश नि. शाहपुर सोत को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि बाकी बचे आरोपी हरिसिंह, अंजली, सोरप को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। आरोपियों से पीड़ित को जान का अंदेश है।



सम्भल-पुलिस चौकी निर्माण के विरोध में प्रदर्शन करते भाकियू शंकर के पदाधिकारी।

# हजरत शाह अली मुत्तकी का उर्स शुरू

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हजरत शाह अली मुत्तकी मियां का सालाना उर्स मुबारक परंपरागत तरीके से शुरू हो गया है। उर्स में पहले दिन उमड़े अकीदतमंदों ने अमना -अमान के लिए दुआ की।

नगर के अली सराय मंडी किशनदास सराय में स्थित दरगाह शरीफ हजरत शाह अली मुत्तकी इसराईली चिश्ती कादरी पर उर्स मुबारक कुरान ख्वानी और नज्र-ए-मौला-ए-कायनात से शुरू हुआ। हाफिज जहीरउददीन वारसी और उनके साथियों ने मिलाद शरीफ पढ़ा। फजाईल ए मौला ए कायनात सलमान संभली और उनके साथियों ने सुनाए। तनवीर संभली आदि ने मजलिस में यादें कर्बला पढ़कर लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया।

# चित्त वृत्तियों को रोकना ही योग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कालेज में योग दिवस कार्यक्रम से पहले हवन किया गया। जिसमें दो प्रकार के यज्ञ आयोजित किए गए। विद्यालय प्रधानाचार्य के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा स्कूली बच्चों ने हवन में आहुतियां दीं। जिसके पश्चात योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा योग पर विस्तार से चर्चा की। तथा विभिन्न प्रकार के प्राणायाम और आसान कराते हुए सूक्ष्म व्यायाम कराए गए। प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि योग संपूर्ण चिकित्सा विज्ञान के साथ संपूर्ण जीवन का सार है। हमें नित्य अपने जीवन में योग अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग संपूर्ण जीवन दर्शन है। योग से ही हमारा समग्र व्यक्तित्व निखरता है। चित्त की वृत्तियों का रुक जाना ही योग है। अपनी चेतना, केंद्र या अस्तित्व के साथ जुड़ना, स्वयं की पहचान करना ही योग है। जहां योग कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक अजय पाल सिंह, आनंद यादव, सुधीर कुमार, सुभाष आर्य, तोताराम सिंह आर्य, मोहरपाल सिंह, यशपाल सिंह, मदन सैन, प्रतिभा, प्रियंका, अलका, नरेंद्र सिंह, बृजेश कुमार, जयप्रकाश यादव, वेदपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्य में लापरवाही पर गुन्नौर ब्लॉक के सहायक विकास खंड अधिकारी निलम्बित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गुन्नौर विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी को लापरवाही के चलते निलम्बित कर दिया गया है। निलम्बित सहायक विकास अधिकारी पर कार्य में लापरवाही समेत कई आरोप थे।

निर्लंबित किये गए सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप कुमार द्वारा ग्राम पंचायतों के आंगनवाड़ी केन्द्रों में वयस्क मशीन, बेबी वजन तथा स्टेडियम मीटर और अन्य आवश्यक उपकरण अधिक समय बीतने के बाद भी केंद्र पर नहीं पहुंचने का आरोप था। इसके अलावा गन्नौर विकासखंड क्षेत्र में फैमिली आईडी के जनरेशन में कोई भी अपेक्षित सहयोग नहीं किए जाने तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लिंक भेजने के बावजूद भी वीसी में प्रतिभाग नहीं करने और गुन्नौर विकासखंड की प्रगति रिपोर्ट खराब पाए जाने के चलते निर्लंबित किया गया है। इसके अलावा राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त योजना के तहत जनपद स्तर का समय-समय पर समीक्षा बैठकों का अवलोकन के उपरांत भी बीते 9 मई तक विकासखंड गन्नौर की 26 ग्राम पंचायतों में अनसस्पेंड बैलेंस पाया गया। गुन्नौर की ग्राम पंचायत कल्हा में पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर ग्राम पंचायत का आरक्षण गलत अंकित किया गया। साथ ही गुन्नौर विकासखंड के अंतर्गत संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार तथा प्रभारी नियंत्रण एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत औरंगाबाद, मझोला फतेहपुर, के निरीक्षण में प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत दिए गए निर्देशों के उपरांत भी प्लास्टिक बेस्ट करने के लिए प्लास्टिक उपलब्धा न कराया जाना। आरआरसी सर्वे ऐप पर गांव की एंट्री के तहत विकासखंड गुन्नौर की कुल 69 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 4 ग्राम पंचायतों की फीडिंग का कार्य कराया गया है।ओडीएफ प्लस मॉडल सर्वे ऐप पर ग्राम पंचायतों की एंट्री के तहत विकासखंड गुन्नौर के 69 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र एक ग्राम पंचायत के फीडिंग का कार्य आदि नहीं करने का आरोप था।

**सम्बंध विच्छेद**

मैं कि गुलिस्तां पुत्री अनवार पत्नी रिजवान नि. मई थाना चन्दौसी जिला सम्भल। की शादी 9 साल पूर्व रिजवान पुत्र मौ. इल्यास नि. ग्राम मई जिला सम्भल के साथ हुई थी। हम दोनों में कशीदगी रहने लगी। मैने रिज़वान से सम्बंध विच्छेद के लिए कहा तो रिजवान ने मुझसे सम्बंध विच्छेद कर लिये। अब हम दोनों में पति पत्नी का कोई सम्बंध नहीं रह गया है। अब हम दोनों पक्ष स्वतंत्र हो गए।

# टीएमयू के वीसी बोले, प्रतिदिन करें एक घंटे योगा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सप्ताह का समापन इनडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक जीवंत और प्रेरणादायक योग प्रदर्शन सत्र के संग हुआ। इस सत्र में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने ताड़ासन, त्रिकोणासन, पदहस्तासन, अर्धचक्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी,शीतली प्राणायाम जैसे अभ्यास किए।

योग सत्र का संचालन प्रशिक्षक श्री गौरव त्यागी एवम् सुश्री रश्मि नारंग के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो.एमपी सिंह, डीन सीसीएसआईटी प्रो. आरके द्विवेदी,प्रो. मनु मिश्रा, प्रो. प्रीथपाल मटरेजा आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, योग केवल शरीर नहीं, बल्कि आत्मा, मन और समाज को भी जोड़ने का साधन है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग को देने का संकल्प लेने की अपील की।

**योग पर वर्चुअली कॉन्क्लेव**

योग एवं ध्यानः आधुनिक समस्याओं का प्राचीन समाधान ख्र वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर बीस जून को हुई 5वीं वर्चुअली कॉनक्लेव में नेपाल, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात और भारत के कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। प्रमुख वक्ताओं में उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. सुनील कुमार जोशी, नेपाल के प्रोफेसर चिन्तामणि, यूएई के डॉ. अमित भदौरिया, हांगकांग की योग विशेषज्ञा सुश्री गरिमा जैन और योगाचार्य श्री संजय सोलंकी शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने योग को वैश्विक संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल की भलाई और सामा. जिक सामंजस्य से जोड़ते हुए इसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस कॉन्क्लेव का संचालन डॉ. मनु मिश्रा और डॉ. अलका अग्रवाल ने किया। अंत में सहभागियों को ई-प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

# बिल संशोधित कराना है तो मीटर रीडिंग की वीडियो बनाकर करें प्रस्तुत:एसडीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एसडीओ सचिन रस्तौगी ने कहा कि गलत रीडिंग आने पर बिल संशोधित कराने वालों को मीटर रीडिंग की चार-पांच मिनट की वीडियो बनाकर लानी होगी ऐसे लोगों का तत्काल बिल दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह जो भी बिल मीटर रीडर द्वारा बनाए जा रहे हैं यदि त्रुटिवश रीडिंग गलत डाली गई हो तो मीटर रीडर के द्वारा बनाए गए बिल में मीटर रीडिंग की जांच अवश्य कर लें, रीडिंग कम या ज्यादा होने पर जिस दिन बिल निकला है उस दिन की मीटर की 4 से 5 मिनट की वीडियो बनाकर उपखंड कार्यालय में उपलब्ध कराए वीडियो के आधार पर बिल तत्काल संशोधित कर दिया जाएगा। रीडिंग आधारित बिल प्रत्येक माह जमा करने का कष्ट करें जिससे कि विभाग द्वारा की गई किसी भी अप्रिय कार्यवाही से बचा जा सके प्रत्येक माह अपना रीडिंग आधारित बिल जमा करना अनिवार्य है ऐसे उपभोक्ता जिनके स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं वह अपना सही मोबाइल नंबर अवश्य बिल में अपडेट करा ले जिससे कि प्रत्येक माह के बिल का मैसेज उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जा सके इसके अलावा सभी विद्युत उपभोक्ता ऊर्जा प्रबंधन द्वारा प्ले स्टोर पर UPPCL Consumer APP इंस्टॉल कर ले, इस ऐप के माध्यम से प्रत्येक माह के विद्युत उपभोग, विद्युत बकाया ,जमा धनराशि एवं अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी एवं सेवाओं का लाभ मोबाइल में ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर लगे है उनकी बिलिंग मीटर रीडर द्वारा नहीं की जाएगी उनके बिल अपने आप ही नियत तारीख पर बनेंगे अत: किसी प्रकार का भ्रम न रखें और और जो भी बिल नियम अनुसार बन रहा है उसको समय से जमा कराकर सुचारू बिजली का उपयोग करें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रही योग की धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** ग्यारहवा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में योग की क्लास लगी और प्रशिक्षकों ने योग के बारे में जानकारी दी।

तहसील, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, हावर्ड कान्वेंट स्कूल एवं किरतपुरी के स्कूल सहित काफी जगह पर योग किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग करने से आदमी निरोग रह सकता है उन्होंने इसके अनेकों लाभ बताएं कहा कि योग से मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है शरीर में लचीलापन आता है तनाव चिंता और अवसाद काम करने में भी योग मदद करता है। बताया गया कि सभी को प्रतिदिन नियम पूर्वक योग करना चाहिए इस दौरान सभी संस्थाओं के प्रबंधक अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे दयानंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मदन सिंह ने योग के बारे में जानकारी दी किरतपुरी के स्कूल में प्रधानाध्यापक दमन चौहान ने योग के बारे में बताया हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में प्रबंधक ने योग के महत्व को समझाया जबकि तहसील में योग कराने पहुंचे सुनील अग्रवाल ने योग के बारे में जानकारी दी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आवीहफीजपुर मे चिलचिलाती धूप ओर गर्मी की उमस से राहत दिलाने के लिए ग्रामवासियो के सहयोग से (शर्बत) का वितरण किया गया।इस अवसर पर लोकेन्द्र सिहँ ग्राम प्रधान, डाख अंगद सिहँ चौहान, जतिन चौहान, मुकुल शर्मा, पीतम सिहँ, डाख सुभाष तोमर माख सुखवीर सिहँ, मोख अजीम, गजेन्द्र सिहँ, ललित कुमार, मोंटी चाहल, इन्तजार हुसैन विक्की ठाकुर, परवेज सैफी सहनवाज, मोख शम्सुददीन, सोनू, वाजिद अली आदि उपस्थित रहे। उधर बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में भी योग दिवस के उपलक्ष में ताइक्वांडो कोच हर्ष शर्मा एवं सुनीता शर्मा के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा नीरज यादव रेनू गौतम अंजू शर्मा राजबाला देवी रश्मि बिश्नोई आंचल चौहान पूजा चौहान दीपिका चौहान आदि अध्यापिकाओं ने छात्राओं से ध्यान प्राणायाम सूर्य नमस्कार आदि योग क्रियाएं कराई।

## एक नजर

### नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा



**डिलारी।** थाना डिलारी पुलिस नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप मे किशोर को जेल भेज दिया गया। अब से लगभग एक माह पहले क्षेत्र के गांव की एक नाबालिक किशोरी को अलग-अलग गांव के चार लोग अपहरण कर ले गए ,जहां कई दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, पीड़िता की तहरीर के अनुसार चार दरिंदों के खिलाफ थाना डिलारी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था, जिस पर शुक्रवार को पुलिस ने थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव हिमायूपुर की मिलक निवासी 17 वर्षीय किशोर पंकज चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया, जहां से अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### डिलारी में योग दिवस मनाया गया



**डिलारी।** शनिवार को कस्बा डिलारी स्थित बंधन बैंक्विट हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ,योग दिवस कार्यक्रम में डॉ अनुपम शर्मा ने कपालभाति,ओम विलोम, कुशलता पूर्वक कराए गए, इस मौके पर भाजपा नेता नरेंद्र पाल सिंह आचार्य, जगदीश वाल्मीकि, मनोज प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, हरपाल सिंह , शीशपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, मनीष ठाकुर,आदि। ने योगाभ्यास किया।

### नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दी बधाई



**बिलारी।** नगर के व्यवसाय से जुड़े गंगा प्रसाद गुप्ता के पुत्र वंश गुप्ता ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में अपना स्थान बनाया है वह चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर कमजोर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। शनिवार को सामाजिक संगठन व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके घर जाकर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की यहां भारतीय जनता पार्टी के धर्मेंद्र गांधी ने बताया कि नगर का नाम रोशन करने पर वंश गुप्ता के साथ-साथ उनके माता-पिता के प्रयास की सराहना की गई कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने बेटे को चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर यह परीक्षा पास कराई है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से धर्मेंद्र गांधी विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष रजनीश गर्ग सुरजीत चौधरी शिक्षक अमित गुप्ता अधिवक्ता राजू गुप्ता अशोक सिंह सुरेंद्र विजय सक्सेना आदि लोग साथ रहे।

### टीबी के मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटलियों का वितरण किया



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पर चिकित्सा अधीक्षक एवं व्यापार संगठन अध्यक्ष श्री संजय कुमार जैन द्वारा टीवी के मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटलियों का वितरण किया गया जिसमें पौष्टिक भोजन आहार लेकर टीवी रोगी टीवी से मुक्त हो सके इसी उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी सभागार में टीवी मरीजों को पोषण पोटलियों का वितरण कर चिकित्सा अधीक्षक ने अपने खान-पान में परिवर्तन करने एवं स्वस्थ रहने के लिए नियमित दवाई का सेवन करने की सलाह दी उन्होंने बताया कि टीवी की दवाई का नियमित सेवन करने से सभी मरीज ठीक हो जाते है और अच्छा भोजन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है इस अवसर पर सुशील कुमार`जे त्रंपअ ज्ञनउंत` ज्स` ठच्ड इबचउ आदि उपस्थित रहे।

# चेयरमैन याकूब ने कुपोषित बच्चों को पोषणहार वितरण किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पाकबड़ा।** नगर पंचायत पाकबड़ा में 20 जून 2025 को कुपोषण योजना के तहत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषणहार वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके। अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने आम जनमानस, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, से अपील करते हैं कि इस तरह के जो भी बच्चे नगर पंचायत पाकबड़ा में नजर आए वह तुरंत हमें सूचित करें। पोषणहार वितरण के लाभ - कुपोषित बच्चों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करना - बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार करना - कुपोषण की दर को कम करना संबंधित योजनाएं - मुख्यमंत्री सुपोषण योजना: उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत 3 से 6 साल के बच्चों को पौष्टिक नाश्ता प्रदान किया जाता है। - पोषण अभियान: भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया यह अभियान कुपोषण के स्तर को कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन करता है। - आंगनबाड़ी केंद्र: इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार प्रदान किया जाता है। महत्वपूर्ण बातें - कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए सरकार और गैर-सरकारी संगठनों का सहयोग आवश्यक है। - कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता होती है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे एसडीएम व सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार को चन्दौसी के मौहल्ला लक्ष्मनगंज बारिशनगर में आरआरएफ, पीएसी, पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सुबह 10 बजे के करीब दो बुल्डोजर, पीएसी बल व पुलिसकर्मियों के साथ उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा व सीओ अनुज चौधरी लक्ष्मनगंज बारिशनगर पहुंचे जहां नगरपालिका की जमीन पर अवैध रुप से बने 34 मकान एवं एक मस्जिद को हटाने की बात कही गयी। हालांकि नगरपालिका द्वारा इस संबंध में नोटिस भी दिये जा चुके हैं। उपलिजाधिकारी व सीओ ने मौहल्ले में भ्रमण कर उन मकानों को देखा जो नगरपालिका की भूमि पर बनाये गये हैं और मकानों में रह रहे लोगों को बुलाकर शीघ्र ही अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिये। इधर कई आवास ऐसे थे जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिले हुए हैं, परंतु मकानों को देखकर उपजिलाधिकारी को लगा कि काफी कीमत वाले हो। कोई भी मकान 10 लाख रु. की कीमत से कम नहीं था। वहीं सीओ अनुज चौधरी द्वारा जिन लोगों के आवास नगरपालि. का की भूमि पर बने हैं, उन्हें हटाने के निर्देश दिये गये। हालांकि लोगों द्वारा मस्जिद को स्वयं हटाना शुरु कर दिया गया। मौके पर पीएसी, आरआरएफ के जवान व नगरपालिका ईओ धर्मराज आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित तहसील बार कार्यकारिणी 26 जून को लेगी कर्तव्य निष्ठा की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कौन बनेगा अध्यक्ष की समस्या के समाधान के बाद अब चुनाव समिति ने 26 जून को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाने की घोषणा कर दी है। चुनाव समिति की बैठक में हुए निर्णय से अवगत कराते हुए बताया गया कि 26 को शपथ लेने के बाद प्रदीप कुमार एडवोकेट का कार्यकाल शुरू होगा और यह 25.12.2025 तक चलेगा इसके बाद 26/12/2025 से 25 6.2026 तक प्रमोद शर्मा अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वाह करेंगे। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौढ़ के निर्देशानुसार ही घोषणा की गई है। और 26 जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य शिरीश महरोत्रा और न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय कुंबर सूर्य सेन सिंह रहेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 37 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** निर्धारित समय के अनुसार आज तहसील सभागार में एसडीएम संतदास पवार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आए क्षेत्र के 37 लोगों ने अपनी विभिन्न शिकायतों को दर्ज कराया। लोगों ने बिजली चकरोड़ राशन समाज कल्याण जल निगम आदि से संबंधित शिकायतें समाधान दिवस में रखी जिनमें पांच शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण कर दिया। बाकी शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए इस मौके पर तहसीलदार अंजली सिंह सहित अन्य काफी विभागों के अधिकारी या प्रति. निधि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यप सदस्यों ने किया योग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हर साल की भांति इस साल भी महिला संस्था यांग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सबने खूब मिलकर एंजॉय भी किया और इसमें बहुत अच्छे-अच्छे आसान भी जिसमें हमारी योगा मास्टर वीनू आहूजा,साक्षी खन्ना ने हमें सिखाया है इस भर्ती दौड़ती जिंदगी में सभी बहुत स्ट्रेस से गुजर रहे हैं। योगा करने से बहुत सी बीमारियां दूर होती हैं और हम स्वस्थ रहते हैं।आजकल महिलाओं में बहुत बीमारियां देखी जा रही है योग से उनको ठीक किया जा सकता है इसलिए योग आज की जिंदगी में बहुत महत्वपूर्ण स्थान ले चुका है। चक्रासन फॉर स्ट्रैंथनेस द स्पाइन, कोर, फ्लेक्सिबिलिटी . बकासन फॉर स्ट्रैंथनेस आप आर्म्स रिसट कंसंट्रेशन,त्रिकोण आसन हेलो फाइनली तुमसे मिलना हो गया है स्ट्रैंथनेस फॉर मसल्स इंप्रूवमेंट डाइजेशन रिड्यूस स्ट्रेस एंड एंजायटी, नटराज आसन हेल्पफुल इन रिड्यूजिंग ओबेसिटी स्ट्रैंथनेस नाइस के लिए और फ्लैक्सिबल बॉडी के लिए आसान करवाएं। योगा के दौरान नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, दिव्या अग्रवाल, रबजीत कौर, अनामिका गुप्ता, निशा चौधरी,चांदनी छाबड़ा,मानसी गुप्ता,सोनिया परमार,प्रियांशी परमार आदि मौजूद रहे।

# जुलाई से दिल्ली लेकर न आएं उम्र पूरी कर चुके वाहन, हो जाएंगे जब्त

**नई दिल्ली।** आगामी एक जुलाई से उम्र पूरी कर चुके किसी भी राज्य में पंजीकृत वाहन (ईओएल) को दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं, इन वाहनों को जब्त कर स्क्रैप के लिए भेजा जाएगा। डीजल वाहनों के लिए १० वर्ष और पेट्रोल वाहनों की १५ वर्ष उम्र निर्धारित की गई है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगी। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 75-DRM-MB-25-26 DATE 20.06.2025 | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | AT Welding of rails in situ with single shot crucible fitted as per RDSO Specifications in connection with track renewal works in the section of Sr. DEN/III/MB | | |
| टेन्डर क्लोसिंग तिथि/समय | 14.07.2025 16:00 | अनुमानित लागत (₹) | 88,07,606.17 |
| धरोहर राशि (₹) | 1,76,200.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 30.06.2025 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 00.00 | आफर की वैधता | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | | 12 Months | |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.06.2025 1852/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 63-DRM-MB-25-26 Dated 20.06.2025 | 76-DRM-MB-25-26 20.06.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Hiring of MUV for each SSE/P.Way & SSE/W incharge and 9MT Truck for each P.Way incharge and other for track works in the section Sr.DEN-I/MB | Recoupment and additional provision of monsoon reserve in the section of ADEN/RK & ADEN/HW under Sr.DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Service | Works |
| अनुमानित लागत (रु.) | 1,82,83,570.23 | 1,49,67,569.20 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,41,400.00 | 2,24,800.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 15.07.2025, 16:00 | 07.07.2025, 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 01.07.2025 | 23.06.2025 |
| आफर की वैधता | 90 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.06.2025 1868/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आपके द्वार हॉस्पिटल ऑन व्हील का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कांठ रोड स्थित सिद्ध मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल प्रांगण में जेपीएस फाउंडेशन, सिद्ध मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की उपचार आपके द्वार हॉस्पिटल ऑन व्हील का उद्घाटन मंडलायुक्त आं. जनेय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने कहा कि उपचार आपके द्वार हॉस्पिटल ऑन व्हील से जिले के सभी ब्लॉक, गांव के लिए व्यवस्था बहुत लाभदायक होगी। मुरादाबाद मंडल स्तर पर इस सुविधा का लाभ लोगों को मिल सकेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा कुलदीप सिंह ने उपचार आपके द्वार हॉस्पिटल ऑन व्हील को सराहा। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य के लिए की गई यह व्यवस्था मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सिद्ध अस्पताल निदेशक एवं उनके सहयोगी संस्था के कार्य की सराहना की। सिद्ध मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं जेपीएस फाउंडेशन के निदेशक, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि उपचार आपके द्वार के तहत हॉस्पिटल ऑन व्हील में मरीज के लिए सभी सुविधाएं हैं। विशेष तौर पर एक्सरे, फेफड़ों की जांच के लिए पीएफटी, खून की सभी प्रकार की जांच, ईसीजी, मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण, जरूरत पड़ने पर अल्ट्रासाउंड, इको, ट्रीटमेंट चेम्बर की व्यवस्था है। एक तरह का अलग प्रयोग किया गया है। जिसका पूर्ण लाभ फैक्ट्री, गांव के मरीजों को मिल सकेगा। जिसमें मरीज के लिए सभी सुविधाएं दी गई हैं। इसकी इसकी बिजली सोलर पावर जो साढ़े आठ घंटे तक का बैकअप है। संचालित रहेगी। इसकी खास बात यह है कि लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए एलसीडी



और प्रोजेक्टर की व्यवस्था है। जिससे बीमारियों से जुड़े सभी विजुअल प्रदर्शित किए जाएंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों के उपचार की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से जॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड टू अपील शीके सचान, लघु उद्योग भारती से यूपी अजय गुप्ता जिम्मी, जिला कार्यकारिणी से अंशुल अग्रवाल, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से रवि कटारिया, संजय गुप्ता, मनप्रीत बेदी, रोटरी क्लब से डा पल्लव अग्रवाल आदि गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज ने किया पालिकाध्यक्ष को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में शाहबाद रोड पर बन रहे भगवान परशुराम पार्क को लेकर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने ब्राह्मण समाज की एक बैठक पालिका सभागार में बुलाई जिसमें पार्क को और आकर्षक रूप देने पर विचार विमर्श किया गया। भगवान परशुराम पार्क का निर्माण कराने पर ब्राह्मण समाज ने पालिका अध्यक्ष को पगड़ी और माला पहनाकर सम्मानित किया भरपूर आशीर्वाद दिया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का ऑर्डर दे रखा है जो पार्क में बहुत अच्छी लगेगी पार्क का क्षेत्रफल कम होने के सवाल पर बोले कि हम राजस्व विभाग के माध्यम से उसको पूरा करने का प्रयास करेंगे जब तक जितनी भूमि उपलब्ध है उसी में निर्माण चल रहा है भूमि पूरी हो जाने पर हम उसमें हरित पटटी विकसित करेंगे जो पार्क की सुंदरता को और बढ़ाएगी। नगर शाहबाद मार्ग पर गाटा संख्या 837 में भगवान परशुराम पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है। पालिका अध्यक्ष ने निर्माण कार्य आरंभ करा दिया है। सभासद देवेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम पार्क की मांग पालिका अध्यक्ष ने पूरी की



है। सभासद देवेश शर्मा ने कहा कि यदि कोई पार्क निर्माण में बाधा उत्पन्न करना चाहता है तो वह निंदनीय है। सभासद देवेश शर्मा, दानवीर शर्मा, डा विश्वास शर्मा, डॉ विजय शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, सूरज शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, शैलेश कुमार शर्मा, डा देवेंद्र शर्मा, पंडित ताराचंद शर्मा, पंडित नरेश शर्मा, विनोद शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, शीतांशु दीक्षित, प्रमोद कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, वेद प्रकाश पांडे, अतुल शर्मा, संदीप शर्मा, प्रदीप शर्मा, अमर जोशी, मनोज कुमार, श्याम रंजन भारद्वाज, विनोद कुमार शर्मा, अंकित शर्मा, रोहित त्रिपाठी, सुभाष चंद्र शर्मा ,नानक शर्मा, राजीव शर्मा, प्रदीप शर्मा विनोद शर्मा, विकास शर्मा, अंकित शर्मा, रोहित कुमार मिश्रा,एडवोकेट दीपक शर्मा, संजय शर्मा आदि सहित भारी तादात में लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### पांच पिता-पुत्रों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर।** मोहल्ला मनिहारान निवासी नौशाद ने मोहल्ले के चार भाईयों और उनके पिता पर बड़े भाई को बंधक बनाकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि शुक्रवार को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे मोहल्ला मनिहारान निवासी निजामुद्दीन,इस्लाम उद्दीन,उर्फ नन्हे,आरिफ, अकरम और उनके पिता तालिब पुत्र मुश्सिताक ने भाई नासिर को बात करने के बहाने फोन करके पीपलसाना में स्थित पेट्रोल पंप पर सरीफ के घर पर बुला लिया। आरोपियों ने कमरे में बंद करके कहा जान से मारने के लिए धोखा देकर बुलाया है। कहते हुए लोहे के पाईपोंऔर धारदार चीजों से हमला कर लहुलुहान कर सड़क पर फेंक दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की मांग

**अगवानपुर।** नगर पंचायत अगवानपुर में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षक दल के जिला अध्यक्ष कामेश सिंह लोदी जी ने तहसील दिवस पर भू माफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जे को मुक्त कराने के लिए तहसील दिवस अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कामेश सिंह लोदी द्वारा बताया गया है कि गाटा संख्या 549 सरकारी भूमि, खतौनी में दर्ज है। जिस पर भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करके मकान बना रखे हैं। उक्त सरकारी जमीन को भू माफियाओं से कब्जा मुक्त करा कर कोई सरकारी भवन बनवाया जाए जिस से जनता का भला हो सके।

# पर्दे के पीछे गंदगी का ढेर देख भड़के नोडल अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा** । नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के पार्थ सारथी सेन शर्मा व स्वास्थ्य विभाग की अपर निदेशक शनिवार को जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह के साथ ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया । औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में खाली स्थान पर कूड़े का ढेर पड़ा देख मुख्य सचिव भड़क गए । यह स्वास्थ्य विभाग है यह कचरा विभाग । इस पर उन्होंने कड़ी नराजगी जताते हुऐ इसे तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए । मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अस्पताल में पहुंचकर सबसे पहले इमरजेंसी, ओपीडी, वैक्सीन का रखरखाव कक्ष , प्रयोगशाला, रसोईघर, मधुमेह डिपार्मेंट मैं पहुंच कर निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या उपचार के संबंध में भी जानकारी ली । साथ ही मधुमेह में मानसिक रोगियों के योगाभ्यास कराने सम्बधी भी पूछताछ की । एक्स- रूम अभी निरीक्षण किया । इसी दौरान प्रयोगशाला जाते समय मुख्य भवन से प्रयोगशाला जाते समय रास्ते में खाली पड़े स्थान पर कूड़े कचरे का देर देख मुख्य सचिव भड़क गए । यह कचरा घर है या स्वास्थ्य विभाग । यह बहुत वडी लापरवाही है । उन्होंने इसे तत्काल हटाए जाने के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजपाल सिंह सैनी को निर्देश दिए । कहां एक तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प अवार्ड मिला है दूसरी तरफ यह क्या देखने मिल रहा है । इसे तत्काल हटाया जाए । स्वास्थ्य विभाग से जनता के स्वास्थ्य के प्रति यह जाने वाली हर सुविधा का लाभ रोगियों को मिलना चाहिए । इसमें कोई भी कोटा ही लापरवाही नहीं बढ़ती जाएगी । उन्होंने गर्भवती महिलाओं बैक किशोरियों की बीमारी के संबंध में भी जानकारी ली ।निरीक्षण के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजपाल सिंह सैनी, डॉ अनुराग चौहान, आशु गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

## एक नजर

### महिलाओं को किया सुरक्षा के प्रति जागरूक



**बिलारी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत बिलारी थाना की महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी, महिला चिकित्सालय पर जागरूक किया गया।इस मौके पर प्रभारी एंटी रोमियो जनपद मुरादाबाद से आई उपनिरीक्षक चंदप्रभा, कांस्टेबल मनीष तोमर, बिलारी थाना की उपनिरीक्षक दीपाली रोहिल्ला, कांस्टेबल प्रीति ने बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी। इस मौके पर महिला सुरक्षा दल ने हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112,सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर, एम्बुलेन्स सेवा, जनसुनवाई पोर्टल,स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### डीएम ने सुनी फरियादियों की फरियाद



**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई द्वारा जनशिकायतों को सुना गया। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायत राजस्वविभाग की रही। वहीं मालवीय चौक एस.एम. कॉलेज के सामने कपड़े बेचने वाली महिला ने शिकायत दर्ज करायी कि उसके पति बीमार रहते हैं, महिला द्वारा जिलाधिकारी से विनती की गयी कि आजीविका के लिए दुकान को अन्य जगह स्थापित किया जायें जिलाधिकारी ने इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये। वहीं गुमथल का ग्राम प्रधान कुछ ग्रामीणों को लेकर शिकायत करने पहुंचा। साथ ही गुमथल की रहने वाली एक महिला का कहना था कि उसकी सास की एक वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है परंतु अभी मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बन पाया है। परिवार के लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यहां बताते चलें कि गुमथल गांव में काफी गुटबाजी चल रही है। वर्तमान प्रधान लगातार इस पक्ष में है कि महिला की सास का मृत्यु प्रमाणपत्र न बने। वहीं पचाक गांव से आयीं महिलाओं का कहना था कि उनके गांव में 20 दिनों बिजली आपूर्ति ठप्प है। फिलहाल दोपहर 02 बजे तक कुल 144 शिकायतें दर्ज कराई हुइं तथा 26 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता, एसडीएम विनय मिश्र, सीओ अनुज चौधरी, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार, समाज कल्याण अधिकारी, इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार, इंस्पेक्टर बहजोई, एबीएसए विनोद कुमार, कानूनगो सुशील कुमार, लेखपाल वरुण कुमार, लेखपाल दानवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### जनपद न्यायालय परिसर में हुआ योगाभ्यास



**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह के संरक्षण में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रात: 6 बजे अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला न्यायालय परिसर संभल स्थित चन्दौसी में किया गया जिसमें जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह, एडीजे अवेधश कुमार सहित समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, न्यायालय के कर्मचारीगण, समस्त लीगल एंड डिफेंस काउन्सिल, पैनल लॉयर तथा पैरालीगल वॉलेन्टीयर आदि उपस्थित रहे।

### महिला को मिल रहीं धमकियां!

**चन्दौसी।** महिला अपनी सास का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पिछले एक वर्ष से चक्कर लगा रही है पर परिवार के लोग जमीन हड़पना चाहते हैं। महिला की सास की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। कमलेश शर्मा पत्नी राजेन्द्र शर्मा नि0 गुमथल के अनुसार दबंग परिजनों ने गुमथल गांव को छोड़ने पर विवश कर दिया जिससे वह बिसौली गांव में रिश्तेदार के यहां रह रही है। अपने अधिवक्ता के साथ तहसील समाधान दिवस में मृत्यु प्रमाणपत्र बनने के लिए प्रार्थनापत्र दिया जिस पर वीडीओ ब्लाक बनियाखेड़ा ने संज्ञान लेते हुए सचिव सोमवीर सिंह को ग्राम सचिवालय में खुली बैठक करने के निर्देश दिये। सचिव द्वारा 27 जून 2025 को खुली बैठक के लिये तिथि निर्धारित की गई है। महिला का कहन है कि परिवार के लोग उसे धमकी दे रहे हैं। महिला ने पुलिस बल की मौजूदगी एवं वीडियोग्राफी करने की मांग की है।

# शादी का झांसा देकर नर्स से किया दुष्कर्म

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती ने साथी कंपाउंड पर शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म करने,दो वर्ष पहले गर्भपात कराने, जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने एवं प्रेमी के दो मामाओं के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में युवती ने कहा है कि गांव के निकट में स्थित निजी अस्पताल में नर्सिंग का काम करती है। चार वर्ष पूर्व अस्पताल के कंपाउंडर थाना भगतपुर के गांव पाडलीवाजे निवासी कुलदीप ने शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना लिए।घ अस्पताल एवं होटलों में लेजाकर जबरदस्ती यौन शौषण करता रहा। गर्भवती होने पर दो वर्ष पूर्व आरापी ने गर्भपात करा दिया। आरोपी पत्नी बताकर अस्पताल से तन्खवाह के पैसे भी लेता रहा। 7जून को भी जबरदस्ती दुष्कर्म किया। शादी करने को कहा तो जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि मैं सबकुछ मौज-मस्ती के लिए कर रहा था। धमकी देते हुए कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने प्रेमी के मामा रिंकू एवं दीपक शर्मा पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने कप्तान के आदेश पर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाकियू की मासिक पंचायत में डीएम से समस्याओं के निस्तारण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट की मासिक पंचायत का आयोजन आज अंबेडकर पार्क में किया गया जिसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी को अवगत कराया। बैठक में कहा गया कि जिला सहकारी तथा कुछ अन्य बैंकों में क्रेडिट कार्ड पर 7% ब्याज वसूल कर नवीनीकरण किया जा रहा है। जबकि 3% ब्याज दर पर नवीनीकरण होता आया है इसे कराया जाए बिजली विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती कर रहा है जिससे फसलो की सिंचाई नहीं हो पा रही इस कटौती को बंद किया जाए जनपद मुरादाबाद में आवारा गोवंश भारी तादाद में घूम रहे हैं इन्हें पकड़वाया जाए जनपद मुरादाबाद के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए का आतंक है गांव-गांव पिंजरे लगवा कर इन्हें पकड़वाया जाए चीनी मिलों द्वारा गन्ने



का भुगतान नहीं किया गया उनसे बकाया भुगतान कराया जाए बिजली विभाग की विजिलेंस टीम अनैतिक तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में छापा मार कर उपभोक्ताओं का शोषण कर रही है इसे बंद कराते हुए बिजली विभाग की अमीनो की मनमानी पर भी रोक लगाई जाए। बैठक में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का भी भारतीय किसान यूनियन विरोध किया भगतपुर में रोड संख्या 734 पर अंडर पास बड़ा बनवाए जाने की मांग उठाई गई ब्लॉक मुरादाबाद थाना पाकबाड़ा में श्मशान के रास्ते से कूड़े के ढेर हटवाए जाने की मांग भी बैठक में उठाई गई। मुंडा पांडे ब्लॉक के राजस्व गांव का सर्किल रेट बढ़ाए जाने की मांग भी उठाई गई जनपद मुरादाबाद के जलालपुर में बिजली घर से 11हजार की जर्जर लाइन के तार बदलवाने की मांग उठाई गई और ब्लॉक मुंडा पांडे के गांव में नाले नालियों में गंदा पानी भरा रहता है इससे मुक्ति दिलाने की मांग की गई और कहा गया कि यदि इन समस्याओं को हल नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी नो सिंह वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष वीर सिंह किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह दर्शन सिंह हरदीप सिंह सियाराम बिश्नोई अजय पाल सिंह दीपक चौधरी श्याम विजय सिंह राम कैलाश सिंह धर्मेश सिंह साजिद खान आशु बालियांन अमर चौधरी ऋषभ चौधरी तस्लीम बाबा इब्राहिम जोली सिंह नारायण सिंह चौधरी यशपाल सिंह प्रेमपाल सिंह नौसे अली आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत बरवारा मजरा वि0 खं0, ( मुरादाबाद )

पत्रांक मोमो / ग्रा0 पं0 बरवारा मजरा ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त 2025-2026 दिनांक-21/06/2025

### निविदा सूचना

विकास खंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत बरवारा मजरा में पंचायती राज अधिनियम व नियमावली 1947 (यथा-संशोधित 1994) के नियम संख्या 157 से सहपठित नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों फॉर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य निम्नलिखित है

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलन लागत जीएसटी | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि 2 प्रति० रू० में | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साबिर के घर से इंतजार के घर तक सी सी टाइल्स कार्य | 172496 | सामग्री आपूर्ति | 141176 | 2824 | 250 | 03 माह |
| 2 | गोट रोड से अनवर के घर तक सी सी टाइल्स कार्य | 212217 | सामग्री आपूर्ति | 171603 | 3432 | 250 | 03 माह |
| 3 | महमूद के घर से फुरकान के घर तक सी सी टाइल्स निर्माण कार्य | 383332 | सामग्री आपूर्ति | 315157 | 6303 | 250 | 03 माह |
| 4 | महमूद के घर से फुरकान के घर तक नली निर्माण कार्य | 172715 | सामग्री आपूर्ति | 137405 | 2748 | 250 | 03 माह |
| 5 | शकूर मुखिया के घर के पास नाली व सी सी टाइल्स निर्माण कार्य | 122235 | सामग्री आपूर्ति | 101047 | 2020 | 250 | 03 माह |
| 6 | हाजी नाजिर के घर से बुदा सैनी (सेठ) के घर तक सी सी टाइल्स कार्य | 341124 | सामग्री आपूर्ति | 283812 | 5676 | 250 | 03 माह |
| 7 | हाजी नाजिर के घर से बुदा सैनी (सेठ) के घर तक नली निर्माण कार्य | 215749 | सामग्री आपूर्ति | 171614 | 3432 | 250 | 03 माह |
| 8 | हेदर के घर से मैकिल (महफिम) होटल तक के घर तक सी सी टाइल्स कार्य | 235932 | सामग्री आपूर्ति | 196785 | 3936 | 250 | 03 माह |
| 9 | हेदर के घर से मैकिल (महफिम) होटल तक के घर तक नाली निर्माण | 215749 | सामग्री आपूर्ति | 171614 | 3432 | 250 | 03 माह |
| 10 | इंडिया मार्कर हैण्डपम्प रिबोर कार्य | 243312 | सामग्री आपूर्ति | 243312 | 4866 | 250 | 03 माह |
| 11 | यासीन के घर से सुभान के घर तक सी सी टाइल्स कार्य | 222866 | सामग्री आपूर्ति | 185885 | 3717 | 250 | 03 माह |
| 12 | गुलाम मोहम्मद के घर से सर सलीम के घर तक सी सी टाइल्स निर्माण कार्य | 169810 | सामग्री आपूर्ति | 141634 | 2833 | 250 | 03 माह |
| 13 | गुलाम मोहम्मद के घर से सर सलीम के घर तक नाली निर्माण कार्य | 119327 | सामग्री आपूर्ति | 95322 | 1906 | 250 | 03 माह |
| 14 | आजम खाँ के घर से हाजी बिलाल के घर तक सी सी टाइल्स निर्माण कार्य | 119495 | सामग्री आपूर्ति | 99670 | 1993 | 250 | 03 माह |

निविदा से सम्बंधित विवरण

| क्र० सं० | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 22.06.2025 | सुबह 10-00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 28.06.2025 | दोपहर 12-00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की दिनांक | 28.06.2025 | दोपहर 03-00 बजे |

1-कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है
2-आयकर व्यापार का नियम अनुसार दे होगा
3- कार्यों का अनुबंध सक्षम स्तर से अनुमोदन स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत किया जाएगा
4- कार्य देश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरांत किया जाएगा
5-इस निविदा को बिना कारण बताएं पूर्ण या आशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढ़ाने या घटाने का अधिकार हस्ताक्षरी के पास होगा

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत बरवारा मजरा
विकास खण्ड एवं जिला मुरादाबाद

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बरवारा मजरा
विकास खण्ड एवं जिला मुरादाबाद


# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर व देहात में योग कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय प्रताप जी( पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा) , नगर अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि जी पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल,महामन्त्री संजीव चौहान , अशोक चौहान , योगाभ्यास किये और दैनिक योग करने का संकल्प लिया। योग दिवस के अवसर पर योग शिविर में समस्त देवतुल्य अतिथि बंधुओं सहित सामूहिक योग प्राणायाम किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष उपस्थिति ब्लाक प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी मुख्य योग शिक्षक के रूप में रहे। नगर संचालक सुनील पूठिया , नगर कार्यवाह मुदित



अग्रवाल विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल , उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, प्रधानाचार्य अशोक कुमार , भावी डॉ दक्ष अग्रवाल ,तरुष ,सौरभ अग्रवाल, डॉ अफताब योगाचार्य रमेश , लवकुश , आचार्य अशोक कुमार उत्कर्ष , विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थिति रही। वहीं ब्लाक परिसर में खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# केवीके का पांच ग्रामों में योग दिवस कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को मालपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा रामू वाला गणेश, बथुआ खेड़ा, फरीदनगर, नारायणपुर छंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में कार्यक्रम किए गए ।

केंद्र के कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार ने ठाकुरद्वारा एवं रामू वाला गणेश में बताया इस वर्ष की थीम योगा फॉर वन अर्थ ,वन हेल्थ (एक पृथ्वी ,एक स्वास्थ्य के लिए योग) जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध रखता है योग का मुख्य उद्देश्य शरीर को स्वस्थ एवं मन को भी स्वस्थ रखता है ,योग एक ऐसी समग्र प्रक्रिया है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देती है योग करने से तन स्वस्थ और मन स्वस्थ हो जाता है । केंद्र के ही कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार ने भी योग के



महत्व के बारे में ग्राम फरीदनगर में किसानों को बताया इस के साथ ही बथुआ खेड़ा में पुष्पराज यादव ने भी किसानों को योग से संबंधित बातें बताइए और योग कराया और रणवीर कुमार ने भी भी नारायणपुर चंगा में किसानों को योग के प्रति जागरूक किया । इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजपाल सिंह चौहान समस्त गांव के प्रधान एवं खंड विकास अधिकारी एवं पतंजलि के तहसील प्रभारी वेद प्रकाश वकील , राम बहादुर, तहसील मंडल प्रभारी महिला सविता कार्यक्रम में शामिल रहे । इनके अलावा ब्रजमोहन, मुखलाल, मनोज कुमार, निधि गुप्ता आदि ने योगा कुल 502 , किसानों में प्रतिभाग किया।

# नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता

● **नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ दिया**




**पेरिस, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88-16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की को. शिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा कि मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90-23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91-06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा कि हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है। पूर्व कोच क्लाउस बार्टोनेट्ज के साथ नीरज ने छह बार 89 मीटर के करीब थ्रो किया था, लेकिन 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाए थे। अब जब उनसे पूछा गया कि क्या जान जेलेजनी का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके निशाने पर है, तो नीरज ने मुस्कराते हुए कहा कि पहले मुझे उनके कुछ छोटे रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। पेरिस का स्टेडियम रिकॉर्ड 91. 40 मीटर भी उनके नाम है।

मैंने आज महसूस किया कि थ्रो अच्छा था, लेकिन उन्हें पीछे छोड़ना वाकई मुश्किल है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वो 98 मीटर फेंक चुके हैं और 90 मीटर से ऊपर तो न जाने कितनी बार। शायद जब मैं 95 मीटर तक पहुंच जाऊं, तब कुछ कहने लायक बनूं। अभी के लिए मुझे बस मेहनत करते रहना है। इस सीजन में नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मेरा लक्ष्य गोल्ड है।

# प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में गुकेश से आगे रूटॉप

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेस ग्रैंड मास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश से आगे निकल गए हैं। गुकेश छठे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा का लाइव चेस रेटिंग 2777.2 तक पहुंच गया, जो गुकेश के 2776.6 से थोड़ा आगे हैं। प्रज्ञानंदा इस समय उज्बेकिस्तान शतरंज महासंघ की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित उजचेस कप मास्टर्स में हिस्सा ले रहे हैं।

पहले राउंड में ड्रा के बाद,प्रज्ञानंदा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वोखिदोव को सफेद मोहरों से हराया। वह वर्तमान में 1.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टाप पर हैं। एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय रह गए हैं। इससे पहले पिछली बार जारी रेटिंग में टॉप-10 में चार भारतीय थे। जिनमें प्रज्ञानंदा, गुकेश, अर्जुन व अरविंद चिदंबरम शामिल थे। अरविंद ने आर्मेनिया में आयोजित 6वें स्टीफन अवाग्यान मेमोरियल में खिताब जीता था। 20 जून को जारी रेटिंग में अर्जुन और अरविंद चिंतबरम को नुकसान हुआ है। अर्जुन तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग 2780.7 रह गया है। वहीं, अरविंद टॉप-10 से बाहर हो कर 15 पर पहुंच गए हैं।

खेल विशेष

## इंग्लैंड के गेंदबाजी के फैसले पर दो दिग्गज भिड़े

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स के हेडिंग्ले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अब इसकी खूब आलोचना हो रही है। इंग्लैंड से जुड़े दो दिग्गज ही आपस में भिड़ गए हैं। इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान माइकल वान और मौजूदा इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का इस मामले को लेकर बयान सामना आया है। वान ने पहले गेंदबाजी के फैसले की आलोचना की है, तो वहीं साउदी ने फैसले का बचाव किया है। पूर्व कप्तान माइकल वान हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। वान ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, श्मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। स्टोक्स को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने ज्यादातर टेस्ट में पहले फील्डिंग करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकार्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वान इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा उसी क्षण अपने निर्णय लेने होते हैं, न कि उन बातों के आधार पर जो आपने वर्षों पहले या अन्य समय में किए थे। अतीत के फैसलों का मौजूदा स्थिति में लिए गए फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ता।

# शतक से दौरे की शुरुआत यादगार क्षण: जायसवाल

● **यशस्वी ने गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल और तैयारी को दिया श्रेय**




**लीड्स, वार्ता।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहां आने का आत्मविश्वास मिला। पारी के दौरान ऐंठन का अनुभव करने के बावजूद, जायसवाल ने कहा कि वह स्थिति को संभालने और गेंदबाजी चुनौतियों के अनुकूल होने पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान ऐसे क्षण भी आये जब मुझे धीमा होना पड़ा, फ़ील्ड प्लेसमेंट का आकलन करना पड़ा और उसके अनुसार खेलना पड़ा। टीम की ज़रूरतों के हिसाब से बल्लेबाज़ी करना महत्वपूर्ण था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों में शतक बनाने पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूँ और जब भी खेलता हूँ, मेरा लक्ष्य हमेशा बड़ा स्कोर बनाना होता है। मुझे शतक बनाने में मज़ा आता है और मुझे वह एहसास बहुत पसंद है। बेशक, कुछ पल बहुत खास होते हैं। इंग्लैंड में डेब्यू शतक, खासकर जब हमारे कप्तान शुभमन ने भी शतक बनाया। यह इसे और भी यादगार बना देता है। किसी भी चीज़ का पहला प्रदर्शन हमेशा खास होता है और भारतीय क्रिकेट के लिए ऐसे मंच पर ऐसा करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। उन्होंने कहा कि हम सत्र दर सत्र खेलना चाहते थे, ढीली गेंदों को दंडित करना चाहते थे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाना चाहते थे। हमने वास्तव में एक साथ बल्लेबाजी का आनंद लिया। जायसवाल ने कहा कि मैंने बस खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देने की कोशिश की। मैंने अपने खेल और मान. सिकता पर ध्यान केंद्रित किया। प्रारूप से ज्यादा तैयारी मायने रखती थी। हमें खेल का लुत्फ़ उठाने और खुलकर खेलने के लिए कहा गया है। ड्रेसिंग रूम से मिलने वाला यह आत्मविश्वास बहुत मदद करता है।

# भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: टिम साउथी

● **कहा: जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन के सयंम ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया**

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है।

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है। उधर, इंग्लैंड के पूर्व



कप्तान माइकल वॉन ने मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर हैरानगी जतायी है। उन्होने कहा कि लीड्स में मौसम शुष्क था और धूप खिली हुयी थी। ऐसी परिस्थितियों बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं। वैसे भी इंग्लैंड का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। साउथी ने कहा कि जब आप पिच का आकलन करते हैं तो उसी के आधार पर फैसला करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर बार आपका फैसला सही

# काले मोजे में मैदान पर उतरे शुभमन गिल

● **भारतीय कप्तान की यह चूक उन पर पड़ सकती है भारी, आईसीसी उठा सकता है सख्त कदम**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल काले मोजे में मैदान पर उतरे, जो कि आईसीसी के नियमों का उल्लंघन है। गिल ने शुक्रवार को लीड्स के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की थी और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। वह 127 रन बनाकर नाबाद हैं। बतौर कप्तान टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले वह छठे भारतीय बने। यह एशिया के बाहर भी उनका पहला शतक रहा। गिल के अलावा ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। अपनी कप्तानी में शानदार शुरुआत के बावजूद, गिल को आईसीसी के कपड़ों के नियमों के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उल्लंघन उनके पहले दिन की पारी के दौरान काले मोजे पहनने के कारण हो सकता है। आईसीसी के वस्त्र और उपकरण नियमों के खंड 19.45 के मुताबिक, खिलाड़ियों को केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंगों के मोजे पहनने की अनुमति है। यह नियम मई 2023 में लागू हुआ था। वनडे में भी इन्हीं तीन रंगों की अनुमति है।

## भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट तक फिट हो पाएंगे मार्क वुड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चौंपियंस ट्राफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा कि रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं। मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है।

लीड्स में टीम इंडिया के प्रदर्शन से तेंदुलकर बेहद खुश

# मुझे 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई: सचिन



● **टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

इसके अलावा उपकप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 65) ने अर्धशतक लगाया, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे। दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा?श इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, शहाय चौंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रास्ड का इमोजी बनाया। वहीं, भारत के दिग्गज आलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा कि कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर... इसके लिए गिल को बधाई।

तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी

# भारत के 471 रन, इंग्लैंड एक विकेट पर 89 रन

● **गिल ने 147, पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेली**

**लीड्स, वार्ता।** भारत तेंदुलकर-एंडरसन ट्राफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में 471 रन पर आलआउट हो गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में एक विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। बेन डकेट और ओली पोप नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं।

जैक क्राली 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने करुण नायर के हाथों कैच कराया। हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 7 विकेट 112 रन बनाने में गंवाए। कप्तान शुभमन गिल ने 147, ऋषभ पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। केएल राहुल ने 42 रन का योगदान दिया। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इस मैदान पर तीन भारतीय बैटर्स ने एक पारी में शतक लगाए हैं। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 2003 में शतक लगाया था।

इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने 4-4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। 15वें ओवर में ओली पाप को अंपायर्स काल पर आउट होने से बचे। सिराज की बाल पाप के पैड पर लगी, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी। यहां भारतीय कप्तान गिल ने डीआरएस लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप के ऊपरी हिस्से पर लगने वाली थी, लेकिन पाप अंपायर काल के कारण आउट होने से बचे। ओली पाप ने 12वां ओवर डाल रहे प्रसिद्ध कृष्णा की बाल पर लगातार दो चौके मारे। उन्होंने 5वीं और छठी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इसी ओवर में बेन डकेट और ओली पाप ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। 7वें ओवर में बेन डकेट को दूसरा जीवनदान मिला।

बुमराह के ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा से बैकवर्ड पाइंट्स पर डकेट का कैच ड्राप हुआ। इससे पहले 5वां ओवर डाल रहे बुमराह की 5वीं बाल यशस्वी जायसवाल से कैच ड्राप हो गया था। बेन डकेट और ओली पाप की जोड़ी इंग्लैंड को दबाव से निकालने की कोशिश कर रही है।

# वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

● **मार्केटा ने बेलारूस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हराया**

**बर्लिन, वार्ता।** छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 2023 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह लवबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।



## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपिनशिप के शुभंकर 'विराज' का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने विश्व पैराएथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया। इस अवसर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज्बे और जुझारूपन का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में खेल जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को दी गई विश्वस्तरीय सुविधाओं और सम्मान ने भारत को पैरा गेम्स में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# अपनी दिनचर्या में शामिल करें योग: प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुरादाबाद शहर स्थित कंपनी बाग परिसर में जिले में प्रभारी मंत्री श्री अनिल कुमार, महापौर नगर निगम मुरादाबाद श्री विनोद अग्रवाल, विधायक नगर क्षेत्र श्री रितेश गुप्ता, विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह, नोडल अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा, जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भारी संख्या में आमजन के साथ निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। ष्योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थष थीम के साथ आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय योग





दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने विशाखापत्तनम में करीब 03 लाख लोगों के साथ योगाभ्यास किया, इस कार्यक्रम का भी जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सजीव प्रसारण कराया गया। मुरादाबाद शहर स्थित कंपनी बाग में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षकों ने पादहस्तासन, त्रिकोणासन, अर्ध उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम कराए साथ ही इन सभी योगाभ्यासों से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ के बारे में भी जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग निश्चित रूप से तनाव दूर करता है। ष्करें योग-रहें निरोगष के मूल मंत्र के साथ हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई और आज पूरा विश्व जाति, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर योग को अपना रहा है। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रभारी मंत्री और नोडल अधिकारी ने योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास सत्रों को आयोजित कराने और योग को प्रोत्साहित करने वाले प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी बाग परिसर में ही वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी श्री सूरज, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चंद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आदित्य श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रति. निधिगण, अधिकारी गण एवं भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# शिविर लगाकर निशुल्क दवाओं का किया वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बिलारी के ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीज को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। भारी तादाद में पहुंचे मरीजों ने निशुल्क चेकअप कराया। मरीजों की बीएमडी, शुगर जांच, रक्त की जांच आदि की गई। शिविर में मधुमेह, उदर रोग संबंधी,त्वचा रोग संबंधी, बुखार, हृदय रोग आदि के रोगी पहुंचे। कुल 356 रोगियों को देखकर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस मौके पर डा.ज्योति, डा. वार्णिका,ममता पांडे, सिद्धार्थ, मित्रपाल आदि का सहयोग रहा।

## एसडीएम व पालिकाध्यक्ष सहित अधिकारियों ने किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसर बिलारी में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि योग समिति भारतीय जनता पार्टी बिलारी राजस्व प्रशासन, शिक्षा विभाग, बिलारी के समाजसेवी बुद्धिजीवी और विभिन्न समाजसेवी और राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। मंच पर योगाभ्यास नगर पालिका परिषद बिलारी के सभासद योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर, मीना गुप्ता और बीना गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। इस बीच योग के अनेकों प्रकार बताएं और योग से होने वाले लाभों को गिनाया कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। हम सभी को योग करना चाहिए । कार्यक्रम में एसडीएम विनय कुमार सिंह, नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव,भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी ने सहभागिता की। नगर पालिका परिषद बिलारी के सभासद देवेश शर्मा, प्रवेश कुमार, दानवीर शर्मा, ब्रज रतन प्रजापति, राकेश यादव आदि सभासद मौजूद रहे । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता नागरिक मंच के संयोजक संजय सक्सेना ने किया।



## खाटू श्याम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शांतिपुरम् कॉलोनी में आयोजित जागरण में श्री श्याम संवारा एवं जागरण पार्टी के कलाकारों ने आनंद म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन किया। जिसमें मुरादाबाद से आई दीक्षा भक्ति, रामावतार शर्मा,बुलंदशहर से ओम सागर, हापुड़ से मनोज पागल ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति की। बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया तो श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। उससे पहले आचार्य ओम शास्त्री महाराज, अबनेश कुमार शर्मा, संजय गौड़ आदि ने बाबा खाटू श्याम की विशेष पूजा अर्चना कराई। जिसमें पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, सभासद देवेश शर्मा एडवोकेट, राकेश यादव सभासद, पंडित मो.



हनलाल शर्मा, ठाकुरद्वारा विधायक विजय यादव के पुत्र अजय यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे। विशेष पूजा अर्चना के बाद भजनों की प्रस्तुति हुई। श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के दरबार में माथा टेकने के लिए बारी-बारी पहुंचते रहे। देर रात तक जागरण कलाकारों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति की। बाबा खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। यहां पर मुख्य रूप से खाटू श्याम मंदिर के महंत राहुल सांवरा, राजीव कुमार, मोहित सिंह एडवोकेट,सुनील कुमार एडवोकेट, आकाश गुप्ता, अमित गुप्ता, रामाधार शर्मा, आशु, वासु, सुमित गुप्ता एप्पल, हर्षित गुप्ता, नितिन गुप्ता, सचिन वर्मा,प्रवेश कुमार सभासद सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, ब्राह्मण मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा के अलावा भारी तादाद में श्रद्धालु शामिल रहे। जिन्होंने जागरण में सहयोग दिया।

## एक नजर

### रोगियों के साथ डाक्टरों ने भी किया योग



**मुरादाबाद।** विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला क्षय रोग केन्द्र पर टीबी रोगियों , डॉक्टर और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से योग किया ताकि स्वस्थ होने में मदद मिल सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ परवीन श्रीवास्तव ने बताया कि योग निरोगी काया के लिए अति महत्वपूर्ण है। स्वस्थ रहने के लिए प्रात: काल में अवश्य योगा करना चाहिए। टीबी रोगियों के लिए अनुलोम विलोम क्रिया बहुत लाभदायक है। इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मुहम्मद जावेद ने योगासन कराए इन अभ्यासों को निरन्तर नियमित रूप से करने की भी सलाह दी। इस अवसर पर नबी चौधरी, नरेश राणा, मनोज कुमार, अमित गुप्ता संदीप कुमार भारती, गीता चौहान, महिपाल सिंह रामू और राजेश ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### नगर पंचायत कार्यालय में कराया योग



**पाकबड़ा।** आज 21 जून 2025 को नगर पंचायत पाकबड़ा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और इसके लाभों को बढ़ावा देना है।

### हेवेट मुस्लिम इंटर कॉलेज में कराया योग



**मुरादाबाद।** हेवेट मुस्लिम इंटर कॉलेज मुरादाबाद मे आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय स्टॉफ, लिपक वर्ग, स्वयं सेवको एवं अन्य छात्रों ने प्रतिभाग किया. प्रधानाचार्य श्री नोमान जलील व कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला. बिभिन्न प्रकार के आसन किये गये.योग से सम्बंधित पोस्टर बनाये गये. छात्रों को सदैव योग करने, परिवार को जागृत करने की सलाह दी गयी।

### कोर्ट के आदेश पर पांच के विरुद्ध मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वारऊ में मारपीट के मामले में अदालत के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। ग्वारऊ गांव की सुभद्रा पत्नी राजेश ने गांव के ही कैलाश चंद्र शर्मा ,राजेश, सुभाष, राधेश्याम, प्रदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया कि अपने दरवाजे लगाने को लेकर उक्त लोगों से कहासुनी हो गई थी। 25 मई 7:30 बजे आरोपी घर में घुस आए और गालियां देने लगे और लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा। इस बीच उनके कपड़े भी फाड़ दिए। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा किया। घायलों का इलाज जिला अस्पताल मुरादाबाद में हुआ। अब अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आईएफटीएम में योग दिवस पर हुआ योग सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 यूपी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में '11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर एक ''योग सत्र'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के परिवेश में निरोग रहने का एक मात्र उपाय योग एवं प्राणायाम ही है। इस दौरान 24 एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफीसर कर्नल अमित गणेश ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को जीवन में नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करने से ही इसका लाभ मिल सकेगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा एवं एनएसएस ईकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. मिश्रा ने मेडिकल साइंस में योग की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि आजीवन निरोग रहने के लिए ध्यान और योग का विशेष महत्व है उन्होंने यह भी कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जिसकी अलख जगाने की मुहिम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वैश्विक रूप छेड़ी है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पहल भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में प्रस्तावित की गई थी। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर 21 जून को



'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित किया, ताकि विश्व के सभी लोग स्वस्थ रहें। योगा ट्रेनर श्री गौरव चौधरी ने वार्म-अप से योग के अभ्यास की शुरुआत की। उन्होंने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, मंडूकासन, अनुलोम विलोम, धनुरासन, भुजंगासन, शवासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास करवाने के साथ ही सभी आसनों के लाभ भी बताए।

उन्होंने यह भी बताया कि योग एवं प्राणायाम के माध्यम से विभिन्न प्रकार के रोगों जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हदयाघात, तनाव, एवं साइटिका आदि रोगों से निजात पाई जा सकती है। योगा ट्रेनर सुश्री शोभना गुप्ता ने भी योग के विभिन्न आसान करके बताने के साथ ही यह भी कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए योग वरदान की तरह है। इस मौके पर डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ानी अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अन्य लोगों तक भी ध्यान और योग के लाभों का प्रचार-प्रसार कर सकें। डॉ. सिंह ने बताया कि इस वर्ष की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थी, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरण स्थिरता के बीच संबंध पर प्रकाश डालती है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह सप्ताह मनाने का उद्देश्य छात्रों, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों और कर्मचारियों में योग के महत्व को प्रचारित करना तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विश्व. विद्यालय में 15 जून से चल रहे 'योग सप्ताह-2025' को "योग संगम" के रूप में मनाया गया तथा इसके दौरान सेमिनार के अलावा अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।एनएसएस इकाई के सदस्य डॉ. अशोक कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में 24 एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल विवेक वर्मा, सूबेदार मेजर श्री प्रवीण प्रकाश, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मिश्रा, 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन की केयर टेकर सुश्री रश्मि पांडेय एवं 2/24 यूपी ब्वॉयज बटालियन के केयर टेकर श्री शनि मिश्र समेत स्कूल ऑफ साइंसेज के शिक्षक श्री विपिन कुमार, श्री दीपक शर्मा आदि का भी विशेष योगदान रहा। योग सत्र के दौरान 550 से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों, एनसीसी के कैडेट्स व एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

# टिमिट में योग दिवस पर योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में एक विशेष योग एवं ध्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु था, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी रहा। इस कार्यक्रम में टिमिट के अध्यापकगणों एवं स्टॉफ मैंमबर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र का संचालन योग शिक्षक श्री राहुल वर्मा (शिवानंद योग प्रशिक्षक) द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान अभ्यासों की विधियों एवं उनके शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में बताया एवं सभी को करवाया भी। उन्होने बहुत से योगा. सन करवाये जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, नौकासन, शलभासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति प्राणायाम ध्यान, शवासन इत्यादि। इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन, डीन - फेकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड् मैनेजमेंट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग केवल शरीर की कसरत नहीं है, यह एक सम्पूर्ण जीवन पद्धति है जो अनुशासन, संतुलन और आंतरिक शांति सिखाती है। इस तरह के आयोजनों से हमारे संकाय और स्टाफ को न केवल स्वास्थ्य लाभ होता है, बल्कि एक सकारात्मक और ऊर्जा से भरपूर वातावरण भी बनता है। टीएमआईएमटी हमेशा से ही मानसिक और शारीरिक कल्याण को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा मानता है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का अंग रहा। इस आयोजन की पुष्टि आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र के माध्यम से की गई, जिसमें यह भी उल्लेख है कि यह योग संगम सत्र देशभर में एक साथ आयोजित की गई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला का हिस्सा था। यह प्रमाण पत्र टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट को प्रदान किया गया, जो संस्था की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य जागरूकता में योगदान का परिचायक है। प्रो. विपिन जैन ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी ऐसे सत्रों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



### बाइक सवार को घायल करने के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तेवर खास के पास अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला मुरादाबाद के थाना पकवाड़ा के रहने वाली लबी सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया कि 16 जून को 11:30 बजे उसके पति आशुतोष किसी काम से बाइक से चंदौसी जा रहे थे। तेवर खास के पास अज्ञात कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल होकर गड्ढे में गिर गए। घायल अवस्था में परिवार को फोन पर सूचना दी। जिसके बाद परिवार मौके पर पहुंचे और मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। तहरीर के बाद पुलिस ने कार चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# निरोग रहने का पारंपरिक तरीका है योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** प्राइमरी स्कूल जटपुरा योग दिवस पर योग भारतीय संस्कृति और निरोग रहने का पारंपरिक तरीका है। योग न सिर्फ शारीरिक तौर पर आपको फिट रखता है, बल्कि मान. सिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। दुनिया भर में लोग योग के फायदों के बारे में जानें और इसका फायदा उठाए, इसके लिए हर साल 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस (2025) मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, बल्कि यह दिन दुनिया को यह याद दिलाता है कि ष्वसुधैव कुटुंबकम्ष की भावना से मानवता को एक सूत्र में बांधा जा सकता है। प्राइमरी स्कूल जटपुरा में समस्त स्टाफ और रसोइयों ने प्रधानाध्यापिका शालिनी के साथ योग और मैडिटेशन किया ।सुचिता दूबे,शशि गौतम और अर्चना



रानी आदि अध्यापिकाओं ने अनुलोम विलोम, भ्रामरी का अभ्यास करवाया ।सतीश कुमार,कमाल हैदर और मोहित कुमार आदि अध्यापकों ने जीवन में योग की आवश्यकता के बारे में बताया । इस अवसर पर सरिता, ममता, लक्ष्मी, चन्द्रवती, पूनम कुमारी, कमलेश, अजय सिंह , नीरज कुमारी, दीपमाला, ममतेश, जितेन्द्र कुमार आदि अभिभावक उपस्थित रहे ।

# शरीर के सभी अंगों को सक्रिय करने का नाम है योग: व्यस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के चंद्रनगर मण्डल की ओर से सोनकपुर वाईपास योग केंद्र मुरादाबाद के सहयोग से विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम कांशीराम नगर में सोनकपुर वाईपास पुल से पूर्व स्थित रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम एल सी डा जयपाल सिंह व्यस्त रहे। कार्यक्रम के संयोजक मण्डल उपाध्यक्ष डा प्रमोद शर्मा रहे। इस अवसर पर नगर निगम मुरादाबाद की आई ई सी यूनिट के प्रमुख पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल के नेतृत्व में योग दिवस की टीम शर्ट वितरित की।

योग कराने में मुख्य शिक्षक आर्य समाज, मुरादाबाद के मंत्री रमेश सिंह आर्य और सहायक शिक्षक प्रकाश वीर सैनी और सोनू कुमार रहे। रमेश सिंह आर्य के निर्देशन में सोनू कुमार सरकार द्वारा निर्धारित योगाभ्यास किया और शिक्षक प्रकाश वीर ने हर योगासन



का बीमारी अनुसार महत्व बताया। ग्रीवा संचालन, ताड़ासन, उष्ट्रासन,पद्मासन आदि से प्रारंभ करके भ्रामरी प्राणायाम तक योगाभ्यास किया। गुरुकुल चोटीपुरा की छात्राओं जाह्नवी, हिमाद्रि और अदिति ने सूर्य-नमस्कार का अभ्यास कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयपालसिंह व्यस्त ने बताया कि योग समस्त शरीर के अंगों को स्वस्थ करके जोड़ता है। व्यक्तित्व की शरीर के प्रति आशक्ति को जोड़ता है। योग मानवीयता को जोड़ता है , धर्म और संस्कृति को जोडता है।योग शारीरिक अवयवों के कार्यो का मिलन है,संगम है। योग जीवन है और लम्बी आयु का आधार है । इसलिए योग दिवस हमें शरीर से बीमारियो दूर करने का संदेश देता है , संकल्पित करता है। आयोजन में मण्डल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महामंत्री रोहित चौधरी, महेश सैनी, राजीव विश्नोई अनिल मल्होत्रा रवि सक्सेना अंकित गोयल मोंटी गुर्जर, प्रकाश यादव, पार्षद हुकुम सिंह सैनी, तुलाराम सैनी अजय दिवाकर,डा भगवत सरन सैनी,डा फूल सिंह,डा आर पी सिंह, कुलवीर सिंह आर्य सुनील कुमार सक्सेना योग शिक्षिका पार्वती, नरसिंह गंग. वार, रजनी राजपूत,मंजू शारदा शर्मा, राजू हरवीर सिंह यशोदा समीर गंगाराम आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंधु



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से लाए गए भारतीय नागरिक दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे।

# शहबाज सरकार पर फूटा जनता का गुस्सा

## ट्रम्प के लिए नोबेल की सिफारिश करने पर भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंकाया



**खुद पाक के लोग और नेता भी इससे हैरान डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इस कदम ने न केवल भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया है, बल्कि खुद पाकिस्तान के लोग और नेता भी इससे हैरान हैं।

कई पाकिस्तानी सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शएक्सश पर इस फैसले की आलोचना हो रही है। पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इसलिए नामित किया है, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान 'निर्णायक कूटनीतिक दखल' दिया। हालांकि, भारत पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुका है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय जो संघर्षविराम हुआ, वह दोनों देशों के बीच सीधे संवाद से हुआ था-न कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से। पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि यह निराशानजक है कि सरकार ने ऐसे व्यक्ति के लिए नोबेल पुरस्कार की सिफारिश की है, जिसने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया था और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। हुसैन ने एक्स पर कहा, ट्रम्प ने ईरान पर इस्राइल के हमले को उत्कृष्ट (एक्सीलेंट) बताया है और पाकिस्तान सरकार ने उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश की है। पाकिस्तान सरकार का यह कदम बहुत निराशाजनक है। इस व्यक्ति ने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया है और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने कहा, नीति में चापलूसी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। यह निर्णय पाकिस्तान की जनता की भावना को नहीं दर्शाता। लोधी ने एक्स पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की सिफारिश कर रही है। एक ऐसा व्यक्ति जिसने गाजा में इजरायल के नरसंहार वाले युद्ध का समर्थन किया है। यह कदम पाकिस्तानी आवाम के विचारों को नहीं दर्शाता है। पाकिस्तान की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब कुछ दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प ने मेजबानी की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने पहले कहा था कि ट्रम्प ने मुनीर को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया है, क्योंकि सेना प्रमुख ने वादा किया है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध रोकने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सिफारिश करेंगे। इस पर कई पाकिस्तानी कार्यकर्ताओं ने सरकार को कठपुतली बताया और कहा कि इस सरकार में बिल्कुल भी आत्म-सम्मान नहीं बचा है। एक कार्यकर्ता रिदा राशिद ने एक्स पर कहा, गाजा में नरसंहार ट्रम्प की वजह से चल रहा है।

## मध्यस्थता के लिए अमेरिका पर भरोसा नहीं: अराग्ची

# इजरायल से शांति वार्ता पर ईरान की दो टूक



**कहा: ईरान पर इजरायली हमले को कवर करने को थी ट्रम्प की समझौता वार्ता**

**ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायली हमलों की निंदा की**

**तेहरान/जिनेवा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि उनके देश को ये यकीन नहीं है कि वो इजरायल के साथ शांति वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए अमेरिका पर भरोसा करे या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की समझौता वार्ता ईरान पर इजरायली हमले को 'कवर' करने के लिए थी। अराग्ची ने एनबीसी न्यूज के साथ साक्षात्कार में अमेरिका पर 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' करने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को 'समझौता वार्ता में समाधान निकले इसके प्रति अपना दृढ़ संकल्प दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका की समझौता वार्ता वास्तव में इजरायल द्वारा किए गए हमलों के समर्थन के लिए थी। 'हमें नहीं पता कि हम अब अमेरिका पर कैसे भरोसा कर सकते हैं।' इजरायल ने हाल ही में ईरान पर कई हवाई हमले किए जिसमें देश के सबसे बड़े परमाणु स्थल इस्फ़हान परमाणु अनुसंधान परिसर को निशाना बनाया गया। ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई खतरनाक रिसाव नहीं हुआ। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कथित तौर पर ईरान के कोम प्रांत में एक आवासीय इमारत को भी निशाना बनाया, जिसके कारण दो नागरिकों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। अराग्ची 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की शनिवार को होने वाली बैठक से पहले शुक्रवार रात तुर्की पहुंचे, जहां उन्होंने 'इजरायली आक्रामकता' की निंदा की।

उन्होंने इस्तांबुल में ईरानी मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह 'ईरानी लोगों की मासूम और नेक आवाज़ को सुनाने के लिए इस अवसर का पूरा उपयोग करेंगे।' अराग्चीने कहा कि उनकी तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अन्य अधिकारियों से मिलने की भी योजना है।

## ईरान में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान में कथित तौर पर इंटरनेट सेवाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है और पूरा देश लगभग ऑफलाइन मोड में चला गया है। ईरान इंटरनेशनल ने ये खबर दी है। इंटरनेट सेवाओं पर नजर रखने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के मुताबिक ईरान में राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। नेटब्लॉक्स ने शुक्रवार रात को रिपोर्ट में कहा कि ईरान 60 घंटों से ऑफ़लाइन है। आंकड़ों के मुताबिक इंटरनेट सेवाएं बंद होने से इजरायल के साथ युद्ध के दौरान राजनीतिक दृष्टिकोण जाहिर करने की आम जनता की क्षमता के साथ साथ उनके स्वतंत्र संवाद और सुरक्षा चेतावनी के पालन की संभावना कम होती है। रिपोर्ट की पुष्टि अन्य अंतर्राष्ट्रीय नेट निगरानी समूहों, जैसे कि आईओडीए ने भी की है। जिन्होंने कहा कि ईरान में नेट ट्रैफिक का स्तर एक सप्ताह पहले की तुलना में 97 फीसदी कम है। यह उपाय देश के क्रिप्टो एक्सचेंज पर हैकर्स द्वारा साइबर हमले के बाद किए गए हैं, जिसने ईरान के शेयरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो इजरायल द्वारा उसके साइबरस्पेस पर हमलों के कारण आम जनता के लिए इंटरनेट तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सकता है। 'इजरायल के मनोवैज्ञानिक युद्ध' से 'गलत सूचना' को रोकने के लिए वैश्विक नेटवर्क को पूरी तरह से बंद करने के उपायों पर भी विचार किया गया है।

वहीं ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने यहां संयुक्त राष्ट्र की बैठक में देश पर इजरायली हमलों की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 59वें सत्र में बोलते हुए अराघची ने कहा कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के आक्रमण' किया है। अराघची ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों के साथ बैठक के लिए जिनेवा में हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अराघची ने यूएनएचआरसी की बैठक में अपने भाषण में बताया कि इजरायल 'फलस्तीन में भयानक नरसंहार' कर रहा है, और अब वह ईरान के खिलाफ आक्रमण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में होने के बावजूद ईरान की परमाणु सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले न केवल अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे गंभीर रेडियोधर्मी रिसाव भी हो सकता है, जिसके पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## ईरान के परमाणु हथियार बनाने की क्षमता का साक्ष्य नहीं: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट किया है कि उनके देश और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है, जो उस आरोप का समर्थन करे कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के जरिये हथियारों का निर्माण कर रहा है। पुतिन ने शनिवार को स्काई न्यूज अरेबिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे कहना है कि रूस के साथ-साथ आईएईए के पास भी इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तैयारी कर रहा है। हमने इस बारे में इजरायली नेतृत्व को बार-बार सूचित किया है। गौरतलब है कि बुधवार को आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने भी कहा था कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम चला रहा है। यूरेनियम संवर्धन हालांकि नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक बताया गया है। इजरायल और अमेरिका ने बार-बार कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम हमेशा से हथियार बनाने के लिए ही रहा है।

## फलस्तीन समर्थक खलील को रिहा करे ट्रम्प प्रशासन: कोर्ट

**अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था।

फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था। इस मामले की सुनवाई नेवार्क में संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश माइकल फारबियार्ज़ ने की, जो दो घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार ने ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो वैध अमेरिकी निवासी है। उन पर न कभी हिंसा का आरोप है और न ही उनके देश छोड़कर भागने की संभावना है। जज ने कहा कि महमूद खलील के खिलाफ आव्रजन के आरोपों का इस्तेमाल उन्हें दंडित करने के लिए किया जा रहा है जो असंवैधानिक है। उन्होंने आदेश पर सात दिन की रोक लगाने का सरकार का अनुरोध खारिज कर दिया। न्यू जर्सी के मजिस्ट्रेट जज माइकल हैमर ने खलील की रिहाई की शर्त के रूप में उनका पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज सरकार को सौंपने का आदेश दिया। खलील को हिरासत में लिए जाने के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च महीने में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर उसे 'विदेशी कट्टरपंथी और हमास समर्थक छात्र' बताया था और कहा था कि यह कई गिरफ्तारियों की शुरुआत है। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि खलील को देश से निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने 1952 के आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के एक कम उपयोग किए जाने वाले प्रावधान का उल्लेख किया, जो राज्य मंत्री को यह अधिकार देता है कि वह ऐसे व्यक्ति को देश से हटाने का आदेश दे, जिसकी गतिविधियां या उपस्थिति अमेरिकी विदेश नीति के लिए खतरा माना जाए। अभियोजकों ने कहा कि खलील को किसी अन्य कारण से हिरासत में रखा गया है।

## ट्रम्प के एक फोन पर ही युद्ध समाप्त कर सकता है इजरायल

**तेहरान।** इजरायल के साथ तेज होते युद्ध के बीच में ईरान ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक फोन पर ही इजरायल युद्ध समाप्त कर सकता है। ईरान के एक अधिकारी ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

दोनों देशों के बीच जारी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। युद्ध को रोकने के लिए अब तक किए गए कूटनीतिक प्रयास विफल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प अगर इजरायल के नेताओं से आग्रह करेंगे तो यह युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक ही शर्त पर युद्धविराम पर विचार कर सकता है, अगर इजरायल हमले को रोक दे। यह टिप्पणी शुक्रवार को जिनेवा में तनाव कम करने के असफल प्रयास के बाद आई है, जहां वरिष्ठ यूरोपीय राजनयिकों ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। उधर न्यू जर्सी में ट्रम्प ने कहा था कि अगर कोई जीत रहा है तो अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। इस बीच, वाशिंगटन में खुफिया मतभेद उभर कर सामने आए, जिसमें ट्रम्प ने अपने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की उस बात का खंडन किया है।

## ट्रम्प की नाराजगी के बाद तुलसी गबार्ड ने दी सफाई

### ईरान पर मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया



**ट्रम्प ने कहा था: अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु हथियार बना सकता है, अगर वह तय कर ले कि उसे इसे अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई दी कि उनके पुराने बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल परमाणु बम नहीं बना रहा, को मीडिया ने गलत संदर्भ में पेश किया है।

बता दें कि, इस बयान से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गबार्ड की पुरानी रिपोर्ट को गलत करार दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं। न्यू जर्सी में राष्ट्रपति ट्रम्प से पत्रकारों ने तुलसी गबार्ड की मार्च में दिए गए बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। इस पर ट्रम्प ने सीधा जवाब दिया कि तो फिर हमारी खुफिया एजेंसियां गलत हैं। किसने ऐसा कहा? जब उन्हें बताया गया कि यह बयान तुलसी गबार्ड का था, तो ट्रम्प ने कहा कि वह गलत हैं। इसके बाद तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बेईमान मीडिया मेरी गवाही को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और झूठी खबरें फैला रही है ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि ईरान से खतरा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि ईरान अब उस स्थिति में है कि वह कुछ ही हफ्तों से महीनों के भीतर परमाणु हथियार तैयार कर सकता है, अगर वह ऐसा करने का फैसला करता है। तुलसी गबार्ड ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमेशा साफ कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा और वह खुद भी इस रुख से पूरी तरह सहमत हैं। इसके साथ तुलसी गबार्ड ने अपने पुराने बयान का पूरा वीडियो भी साझा किया, ताकि लोगों को खुद सच्चाई देखने को मिले और यह समझ में आए कि मीडिया ने उनके बयान को कैसे गलत ढंग से पेश किया।

## चाड: झड़पों में 17 लोगों की मौत, 16 घायल

**याउंडे।** चाड के मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत (दक्षिण-पश्चिम) में स्थित ओरेगोमेल गांव में गुरुवार शाम को हुई झड़पों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में से जयादातर महिलाएं और बच्चे थे, साथ ही उन्होंने बताया कि झड़पों में 16 अन्य घायल हो गए। हमलावर चाकू और डंडों से लैस थे। मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत में सरकार के जनरल डेलीगेट, अब्देलमनाने खताब ने गांव का दौरा करने के बाद प्रांत में डर को कम करने के उपायों की घोषणा की। मध्य अफ्रीकी देश में घातक झड़पों के बाद देश के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इटनो द्वारा सुरक्षा पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के कुछ ही घंटों बाद झड़पें हुईं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, मई से अब तक देश में अंतर-सामुदायिक झड़पों में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा अभी भी मौजूद: चीन

**हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी**

**हांगकांग।** हांगकांग के मामलों की देखरेख करने वाले चीन के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे अभी भी बरकरार हैं। हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी।

ये विरोध प्रदर्शन चीन द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के खिलाफ हुए थे। जिसके बाद चीन ने विद्रोही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी और कई को जेल में डाल दिया। हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हांगकांग में चीन के निदेशक जियो बाओलांग ने कहा कि अभी भी हांकांग में विरोध के स्वर बाकी हैं और ये नए रूपों में उभर सकते हैं। जिया बाओलांग ने कहा कि हांगकांग में बाहरी ताकतों ने अभी भी अपना हस्तक्षेप बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हांगकांग अराजकता से व्यवस्था में बदल गया है। लेकिन अभी भी खतरे बरकरार हैं। बीजिंग और हांगकांग सरकारों ने 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को आवश्यक माना। इसी कानून के तहत, अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक जिमी लाइ सहित कई प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं पर मुकदमा चलाया गया। दर्जनों नागरिक समाज समूह भंग किए गए। इस महीने, अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, जिसमें लोकतंत्र समर्थक युवा कार्यकर्ता जोशुआ वोंग पर दूसरी बार कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें पिछले साल ही एक मामले में सजा सुनाई गई थी।

## रूस के हमले में 425 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**मास्को।** रूस के केंद्रीय समूह की कार्रवाई में पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 425 सैनिक मारे गए और सात बख्तरबंद वाहन तथा तीन पिकअप ट्रक नष्ट हो गए।

समूह के प्रवक्ता अलेक्जेंडर सावचुक ने कहा कि केंद्र समूह की सेनाएं विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में लड़ाकू मिशनों को जारी रखे हुए हैं। समूह की इकाइयों ने रूस-यूक्रेन की सीमा से जुड़े कुछ स्थानों पर भी कब्जा कर लिया है और क्रास्नोअर्मेइस्क, दिमित्रोव, नोवोसेर्गेयेवका तथा मुरावका क्षेत्रों में चार मशीनीकृत दो एयरबोर्न असॉल्ट और दो मरीन ब्रिगेड को नष्ट कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस हमले में लगभग 425 सैनिक, सात बख्तरबंद वाहन, तीन पिकअप ट्रक और एक तोपखाना को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने संवाददाताओं को बताया कि सैनिकों के दक्षिणी समूह ने 190 यूक्रेनी सैनिकों, एक टैंक और दो गोदामों को नष्ट किया, जबकि पश्चिमी समूह ने 230 सैनिकों, दो हम्वी बख्तरबंद वाहन और दो स्टारलिक सैटेलाइट संचार स्टेशनों को ध्वस्त कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उत्तर समूह की सेनाओं ने 215 तक यूक्रेनी सैनिकों और तीन बख्तरबंद वाहनों को ढेर किया।

## टेस्ला ने शंघाई में ग्रिड-साइड-ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए किया समझौता

**टेस्ला को 2025 में ऊर्जा भंडारण तैनाती में साल-दर-साल 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान**

**शंघाई।** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने अपने मेगापैक ऊर्जा भंडारण बैटरी का उपयोग करके शंघाई में ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए चीनी भागीदारों के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया।

चार अरब युआन (55.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के कुल निवेश वाले इस सौदे से टेस्ला को चीन के बढ़ते ऊर्जा भंडारण बाजार में विस्तार मिला, जिससे इसकी सुविधा को देश के विशाल पावर ग्रिड से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। टेस्ला, लिन-गैंग विशेष क्षेत्र की प्रशासनिक समिति, शंघाई के फेंगशियान जिले की सरकार और चाइना कांगफू इंटरनेशनल लीजिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, ऊर्जा भंडारण स्टेशन शंघाई पायलट मुक्त व्यापार क्षेत्र के लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। यह टेस्ला का पहला ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन होगा जो चीन के मुख्य भूमि पर बनाया जाएगा। टेस्ला चीन के ऊर्जा व्यवसाय के सामान्य प्रबंधक डोंग कुंन ने कहा कि जब यह स्टेशन शुरू होगा, तो यह विद्युत स्पॉट ट्रेडिंग में भाग लेगा, स्थानीय ग्रिड में पीक और ऑफ-पीक उर्जा मांग को संतुलित करने में मदद करेगा और ग्रिड की स्थिरता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, टेस्ला चीन कांगफू के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि शून्य-कार्बन ऊर्जा समाधान को वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सके। इस साल फरवरी में, शंघाई में गिगाफैक्ट्री के बाद लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में टेस्ला का नया मेगाफैक्ट्री मेगापैक बैटरी का उत्पादन शुरू कर दिया।



# छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत को अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा को हाल ही में उनकी फिल्म छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड लेते वक्त नुसरत ने एक भावुक भाषण दिया, जो वहां मौजूद सभी लोगों के दिलों को छू गया। अपने करियर के सफर को याद करते हुए नुसरत ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मैं फिल्मों में मजाक का पात्र बनी रही, मुझे हमेशा चालाक, कंट्रोल करने वाली या चिड़चिड़ी लड़की के किरदार मिले, लेकिन आज मैं ऐसे किरदार के लिए अवॉर्ड ले रही हूं, जो एक लड़की की जिंदगी, उसके जीने के अधिकार और अपने लिए जिंदगी चुनने के हक की बात करता है। मैं यहां हूं, इस सफर पर, हर उस छोरी के लिए जो अपनी पहचान बनाना चाहती है। मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं यह कहते हुए, क्योंकि यह सफर मेरे लिए भी खुद को साबित करने का एक जरिया रहा है। आज इसका अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आप सबको अंदाजा नहीं है कि यह मेरे लिए कितना खास है। नुसरत ने जूरी, अपनी टीम, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, को-स्टार्स और फिल्म इंडस्ट्री के सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस सफलता में उनका साथ दिया। अवार्ड के बाद बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि



वो सबसे ज्यादा किससे डरती हैं, तो उन्होंने बड़ी सच्चाई के साथ जवाब दिया, भुला दिए जाने से। मैं नहीं जानती कि मैंने यह इतने बड़े मंच पर कैसे कह दिया। लेकिन यही बात मेरी फिल्मों के चुनाव में भी दिखती है। मैं ऐसी फिल्म में काम नहीं करना चाहती। जिसे देखने के बाद लोग मुझे भूल जाएं।

# थलापथी के जन्मदिन पर रिलीज होगी उनकी अंतिम फिल्म की झलक



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार थलापथी विजय के जन्मदिन पर उनकी अंतिम फिल्म जन नायकन की पहली झलक रिलीज होगी। थलापथी विजय की अंतिम फिल्म जन नायकन की बहुप्रतीक्षित पहली झलक 22 जून 2025 की आधी रात 12:00 बजे) यानी थलपथी विजय के जन्मदिन के पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक एच. विनोथ हैं, और संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

निर्माणकर्ता वेंकट के. नारायण के तहत केवीएन निर्माण संस्था फिल्म जन नायकन को एक शानदार विदाई समारोह बना रही है, उस सितारे के लिए, जिसने दशकों तक करोड़ों दिलों पर राज किया। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में विजय जी की झलक एक जलते हुए सिल्हूट (परछाई) में दिखती है। मुट्ठी आसमान की तरफ उठी हुई और पीछे है हजारों चाहने वालों की भीड़, एकदम क्रांति, विरासत और नेतृत्व की झलक। पोस्टर की टैगलाइन कहती है, एक शेर हमेशा शेर होता है और उसकी पहली दहाड़ आने ही वाली है। फिल्म जन नायकन 9 जनवरी 2026 को पोंगल उत्सव के मौके पर दुनिया भर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# आमी डाकिनी में काम कर खुश हूं: हितेश



**मुंबई।** अभिनेता हितेश भारद्वाज का कहना है कि सोनी टीवी के आगामी शो आमी डाकिनी में काम करना उनके लिए रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुप्रतीक्षित शो आमी डाकिनी एक रहस्यमई और रोमांचक कहानी के साथ दर्शकों को बांधे रखने के लिए तैयार है।

कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि में रचा गया यह शो, चैनल के प्रतिष्ठित हॉरर शो आहट के बाद एक बार फिर रोमांचक कहानी कहने की दिशा में वापसी कर रहा है। शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका निभा रहे हैं। हितेश भारद्वाज ने बताया कि आमी डाकिनी में काम करना रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। इसकी लेखनी, दृश्य संयोजन और भावनात्मक परतें इसे बहुत गहराई देती हैं। पूरी प्रक्रिया, लंबी नाइट शूट्स से लेकर टेक्स के बीच के शांत पलों तक हर चीज का मैंने आनंद लिया है। हितेश भारद्वाज ने बताया, मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। रांची और शीन न सिर्फ प्रतिभाशाली हैं, बल्कि जमीन से जुड़ी हुई भी हैं। हमारे बीच सेट पर बहुत सहजता है, जो भावनात्मक रूप से तीव्र दृश्यों में काफी मदद करती है।


हम एक-दूसरे को सुनते हैं, और यही सबसे बड़ा फर्क लाता है। यह शो सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि मूड, खामोशी और भावनात्मक गति के बारे में है। यह आपको हर चीज को अंदर समेटने और नियंत्रित रूप से पेश करने के लिए मजबूर करता है। ऐसा प्रदर्शन पैक-अप के बाद भी आपके भीतर बना रहता है। हितेश भारद्वाज ने बताया आहट जैसे शो के मेकर्स के साथ काम करना बहुत आइकॉनिक अनुभव है। उन्होंने कहा, मैं आहट देखकर बड़ा हुआ हूं-उसमें एक रहस्यमय जादू था। अब उसी दुनिया का हिस्सा बनना एक चक्र पूरा होने जैसा लगता है। यह सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक ऐसी विरासत में योगदान देने जैसा है जिसे लोग आज भी याद करते हैं। आमी डाकिनी 23 जून से, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

# काजोल ने बताया बाजीगर की शूटिंग का अनोखा किस्सा

## एक्ट्रेस ने शाहरुख को कहा था खड़ूस, एसआरके बोले थे-कोई इसको चुप कराओ

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म बाजीगर में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बाजीगर के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने रेडियो नशा आफिशियल से बातचीत में बताया कि बाजीगर की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े 17 साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल और शाहरुख की फिल्म बाजीगर 1993 में रिलीज हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा। काजोल सुबह 11.30 बजे तक फ्रेश और एक्टिव थीं। वह सेट पर मौजूद लोगों से बात कर रही थीं। मेकअप मैन, हेयर ड्रेसर और कैमरामैन से लगातार बात कर रही थीं। उनकी आवाज बिना माइक के भी दूर तक पहुंच रही थी। काजोल ने कहा कि मैंने कैमरामैन रवि दादा से पूछा, ये आपका एक्टर कितना खड़ूस है। उस समय शाहरुख चश्मा लगाकर अपनी लाइनों की तैयारी कर रहे थे। काजोल उनके पास जाकर बैठीं और कहा, आप बात क्यों नहीं कर रहे, आप हमेशा ऐसे ही रहते हैं, आप ऐसे कैसे रह सकते हैं। शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया कि क्या तुम एक मिनट के लिए चुप रह सकती हो, कोई इसको चुप कराओ। काजोल ने माना कि उन्हें यह बहुत रूड और अजीब लगा, लेकिन बाद में यही बातचीत उनकी दोस्ती की शुरुआत बन गई। उन्होंने कहा कि शायद शाहरुख को ये सब याद भी नहीं होगा। फिल्म बाजीगर में काजोल ने शाहरुख की मंगेतर का किरदार निभाया था इंटरव्यू में जब काजोल से पूछा गया कि फिल्म में एक सेंसुअल सीन के दौरान शाहरुख ने उन्हें पिंच किया था, तो उन्होंने बताया कि उस सीन को शूट करना आसान नहीं था। कोरियोग्राफर सरोज खान ने कहा था कि इस सीन में अचानक से एहसास आना चाहिए। काजोल ने बताया कि उस वक्त वह 18 साल की थीं और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा एक्सप्रेशन कैसे देना है। काजोल ने कहा कि शाहरुख और उन्होंने एक-दूसरे के सामने कई बार अजीब चीजें की हैं। उन्होंने बताया कि जब वह उस सीन को ठीक से नहीं कर पा रही थीं, तो उन्हें शर्म आ रही थी। गौरतलब है कि फिल्म बाजीगर से काजोल और शाहरुख की जोड़ी को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में दोनों ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे), करण अर्जुन, कुछ कुछ होता है, माय नेम इज खान और दिलवाले जैसी फिल्मों में साथ काम किया।

# एक साथ जोड़ी जमाएंगे जूनियर एनटीआर और रुक्मिणी वसंथ



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी वसंथ, मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म फिलहाल एनटीआरनील के नाम से जानी जा रही है।

माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह है। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं



किया गया है, लेकिन इंडस्ट्री के भीतर से ही इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी कोलेबोरेशन में से एक बताया जा रहा है। इस बीच रुक्मिणी वसंथ ने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर ऐसा धमाका किया कि सोशल मीडिया पर फैंस की जिज्ञासा सातवें आसमान पर पहुंच गई।

उन्होंने एक मिरर सेल्फी शेयर की। शायद वैनिटी वैन से और कैप्शन लिखा: टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। अब सुनने में भले ही यह एक नॉर्मल लाइन लगे, लेकिन एनटीआर जूनियर के फैंस तो इस हिट को तुरंत पकड़ गए।

टाइगर तो एनटीआर का आइकॉनिक टाइटल है। हफ्तों से चर्चा थी कि रुक्मिणी इस धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और अब यह पोस्ट देखकर लोग कह रहे हैं, ओ भाई, अब तो ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जरूरत ही क्या है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक कास्ट लिस्ट नहीं दी है, लेकिन यह सोशल मीडिया स्टंट शायद फैंस को मिलने वाला वो इशारा है जिसका वो बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स जैसे नामी बैनर्स के साथ बन रही फिल्म एनटीआरनील किसी बड़े विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगी। इस फिल्म को कल्याण राम नंदामुरी, नवीन यरनेनी, रवि शंकर यालमंचिली और हरीकृष्ण कोसाराजू प्रोड्यूस कर रहे हैं।


# अभिनेत्रियों ने योग से बदली अपनी जिंदगी

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने योग को सिर्फ एक फिटनेस ट्रेंड नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बना लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने योग के जरिए न सिर्फ अपने शरीर को मजबूत बनाया, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी पाया।

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी का सहारा रहा है। डिप्रेशन से जूझने के दौरान योग ने उन्हें संबल दिया। उनके शांत चेहरे और मजबूत फैसलों में उनके योग अभ्यास की झलक साफ नजर आती है। दीपिका योगा को उतनी ही गंभीरता से लेती हैं जितनी अपनी एक्टिंग को। वो टॉप योगा एक्सपर्ट्स के साथ ट्रेनिंग करती हैं और गहराइयां में तो खुद योगा ट्रेनर बन गई थीं।

मानसिक स्पष्टता हो या शारीरिक मजबूती ।योग उनकी सेल्फ-केयर किट का सुपरस्टार है। करीना कपूर खान के लिए योग फिटनेस से कहीं बढ़कर है। 108 सूर्य नमस्कार से लेकर फिल्म शेड्यूल्स के बीच स्ट्रेचिंग तक, योग ने उन्हें मां बनने से लेकर सुपरस्टार बनने तक हर मोड़ पर साथ दिया है।करीना का फिटनेस ग्लो योग का कमाल है।उनके लिए योग मतलब है, अंदर शांति, बाहर शक्ति और बीच में परफेक्ट बैलेंस। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बॉलीवुड की उन पहली अभिनेत्रियों में में से हैं, जिन्होंने योग को पूरे देश में लोकप्रिय बनाया। उनकी डीवीडी, ऐप्स और ऑनलाइन सेशन्स ने योग को घर-घर पहुंचाया। उनकी फिटनेस और ग्लो आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है।

योग और शिल्पा का रिश्ता पुराना है और यह आज भी सुपर स्ट्रॉन्ग है। उन्होंने तो बॉलीवुड में योगा को मेनस्ट्रीम बना दिया था। आज भी सुबह-सुबह योगा करना उनके दिन की शुरुआत है। सोशल मीडिया पर वो अक्सर



पुराने-नए योगा फॉर्म्स का फ्यूजन दिखाकर प्रेरित करती हैं।

मलाइका अरोड़ा का नाम आते ही फिटनेस और योग दोनों याद आ जाते हैं। ऐरियल योग हो या कठिन आसन, मलाइका अपने स्टाइल और अनुशासन से लाखों लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

फिटनेस का पर्याय बन चुकीं मलाइका के लिए योग सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, एक जज्बा है। उन्होंने महिलाओं के लिए खास दिव्य योगा की शुरुआत की है। एक ऐसी जगह जहां अंदर से तंदरुस्ती की बात होती है।

वो चाहे पेचीदा आसन कर रही हों या बाकी लोगों को हेल्दी लाइफ ़स्टाइल अपनाने की सलाह, मलाइका हर कदम पर ग्रेस और स्ट्रेंथ की मिसाल हैं। जैकलीन फर्नांडिस योग को एक जश्न की तरह जीती हैं।

उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल में आपको न जाने कितने बार उल्टे लटके हुए योग आसनों में उनकी मुस्कान नजर आएगी। योग के साथ उनकी एनर्जी और पॉजर्टिविटी देखते ही बन शालिनी पांडे के लिए योग फिल्मी दुनिया की भाग-दौड़ में शांति पाने का तरीका है।

# रामचरण व उपासना ने क्लिन कारा का जन्मदिन मनाया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनीडेला ने आज अपनी बेटी क्लिन कारा का दूसरा जन्मदिन बहुत ही खास अंदाज में मनाया। पिछले साल जब रामचरण और उपासना हैदराबाद के चिड़ियाघर (जू) गए थे, उसी दौरान वहां एक नन्हीं बाघिन का जन्म हुआ था। उस बच्ची का नाम क्लिन कारा रखा गया था। राम चरण और उपासना की बेटी के नाम पर। ए उनके लिए बहुत ही भावुक और यादगार पल था। इस साल, क्लिन कारा ने पहली बार उस बाघिन से मुलाकात की जो अब बड़ी और खूबसूरत हो चुकी है। यह मिलन बहुत ही प्यारा और खास रहा। बच्ची और बाघिन का यह जुड़ाव दया, प्यार और प्रकृति से जुड़ने की भावना को दर्शाता है। राम चरण और उपासना का मानना है कि जंगली जानवरों की असली जगह जंगल ही है, लेकिन साथ ही वो यह भी मानते हैं कि जो जानवर चिड़ियाघरों में हैं, उनका सही देखभाल और इज्जत से रहना बहुत जरूरी है। उनकी परवरिश की सोच साफ दिखती है। वो अपनी बेटी को बचपन से ही पर्यावरण, जानवरों और प्रकृति के प्रति प्रेम और समझ सिखा रहे हैं। क्लिन कारा का यह जन्मदिन सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं था, बल्कि यह एक खूबसूरत संदेश था, दुनिया को समझने, अपनाने और उससे जुड़ने का।